हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, शनिवार 14 फरवरी 2026




### चिखली पुलिस चौकी, साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई

# कब्रिस्तान के पास दबिश, पिस्टल व देशी कट्टा के साथ 7 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शंकरपुर कब्रिस्तान के पास बैठकर लोगों को कट्टा दिखाकर डराने के मामले की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और चार आरोपियों को पकड़ा। जांच पड़ताल व पूछताछ के बाद पुलिस ने कुल 2 पिस्टल व 2 कट्टा एवं 1 कारतूस बरामद किया है। इस पूरे मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 12 फरवरी को शंकरपुर के नागरिकों से सूचना प्राप्त हुई थी कि चार्ली नामक युवक अपने तीन साथियों के साथ डब्बा मैदान कब्रिस्तान के पास शंकरपुर में पिस्टल और कट्टा दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। चारो संदेही पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़कर अभिरक्षा में लेने के बाद पूछताछ किया गया, जिस पर संदेहियों ने अपना नाम शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली निवासी शंकरपुर, दिगंबर साहू उर्फ छोटू निवासी पेंड्री, सेवक कश्यप उर्फ डाला निवासी शंकरपुर एवं गुंजेश वर्मा उर्फ शिवा निवासी शंकरपुर बताए। जिनकी तलाशी लेने पर शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली के कब्जे से एक पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। दिगम्बर साहू के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद कर जब्त किया गया। चारो आरोपियों को संगठित होकर पिस्टल, कट्टा दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में धारा 111 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।



### दुर्ग, धमतरी और नांदगांव के आरोपी शामिल

पत्रकारवार्ता में आगे बताया गया कि प्रकरण में सात आरोपियों द्वारा संगठित होकर अवैध रूप से पिस्टल , कट्टा रखना पाए जाने पर आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली 26 साल गौरा चौक शंकरपुर, डिगम्बर साहू उर्फ छोटू 27 साल आबादीपारा पेण्ड्री, सेवक कश्यप उर्फ डाला 22 वर्ष शंकरपुर, गुंजेश वर्मा उर्फ शिवा 26 साल शारदा चौक चिखली, विक्की देशमुख उर्फ मोनू 25 वर्ष चंदखुरी दुर्ग, जतीनदास मानिकपुरी 27 साल गोकुल वाटिका धमतरी, उमेश साहू उर्फ बठालू 26 साल गोकुलपुर धमतरी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन, अलेक्जेण्डर किरो, चिखली पुलिस चौकी प्रभारी कैलाश मरई उपस्थित थे। उक्त कार्रवाई में चिखली पुलिस एवं साइबर टीम को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की गई है।

### घेराबंदी कर पकड़ा गया

उक्ताशय की जानकारी देते हुए पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि चारों आरोपियों से पूछताछ पर शिवम उर्फ चार्ली ने बताया कि वह अपने साथी विक्की देशमुख निवासी चंदखुरी दुर्ग के साथ धार बड़वानी मप्र क्षेत्र से 2 पिस्टल एवं 2 कट्टा खरीद कर क्षेत्र में रौब जमाने एवं बिक्री करने लाने बताने व 1 देशी कट्टा कोअपनी साथी विक्की देशमुख चंदखुरी दुर्ग के पास होना तथा 1 पिस्टल अपने साथी उमेश निवासी गोकुलनगर धमतरी को देना बताया, जिस पर दुर्ग में पुलिस ने दबिश देकर विक्की देशमुख उर्फ मोनू से 1 देशी कट्टा जब्त किया गया और आरोपी शिवम उर्फ चार्ली द्वारा यह बताने पर कि उमेश साहू अपने दोस्त जतीन दास मानिकपुरी के साथ देशी कट्टा खरीदने राजनांदगांव आना बताने पर रात्रि में उमेश साहू और जतीनदास को मोहारा पुल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ व तलाशी लेने पर जतीन दास के कब्जे से 1 पिस्टल जब्त किया गया।

# दिन के साथ रात के तापमान में भी इजाफा, ठंड से मिली राहत

## जिले का अधिकतम तापमान पहुंचा 32 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पश्चिमी विक्षोभ का असर है कि अंचल में दिन के साथ ही रात का तापमान भी अब चढ़ने लगा है। दिन का पारा जहां बढ़कर 32 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं रात का तापमान भी चढ़कर 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में यही ट्रेंड जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ 13 फरवरी और 16 फरवरी को उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। प्रदेश में कल मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 13 और 14 फरवरी को न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, उसके बाद न्यूनतम तापमान में क्रमिक वृद्धि संभावित है। इधर गर्मी की दस्तक के साथ ही कूलर की दुकानें सजने लगी है। शहर के विभिन्न इलाकों में पुराने कूलर की रिपेयरिंग के साथ ही खस लगाने का काम बढ़ने लगा है।

आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ ही कूलर, एसी की भी मांग बढ़ जाएगी। दुकानदारों ने समय पूर्व एसी एवं कूलरों का स्टॉक करना शुरू कर दिया है।

**सामान्य से अधिक तापमान:** मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पर पहुंच गया है। यह दोनों ही सामान्य से अधिक पर पहुंच गए हैं।

### तेजी से बढ़ रहा पारा

पिछले एक सप्ताह के भीतर ही रात के तापमान में तेजी से इजाफा देखने को मिला है। बीते 48 घंटे में ही चार डिग्री की बढ़त देखने को मिली है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 7 से 10 दिनों में न्यूनतम तापमान भी 20 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। जिससे ठंड का एहसास पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।

# डीजे संचालकों को दी नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

थाना बसंतपुर में डीजे संचालकों की बैठक जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की उपस्थिति में आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन द्वारा आगामी होली पर्व तथा बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते थाना बसंतपुर में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू सहित क्षेत्र के डीजे संचालक उपस्थित रहे।

बैठक में होली पर्व, बोर्ड परीक्षा एवं अन्य आयोजनों के दौरान डीजे ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। साउंड सिस्टम के उपयोग हेतु प्रशासन को पूर्व सूचना देकर, निर्धारित मानक ध्वनि सीमा के अनुरूप संचालन करें।



### उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र जब्त किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित डीजे संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। जिससे परीक्षा काल एवं त्योहारों के दौरान आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मड़ई मेला आज से

**राजनांदगांव।** ग्राम बांकल (पनेका) में महाशिवरात्रि पर्व पर सार्वजनिक शीतला मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिताा एवं मंडई मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को रखा है। अध्यक्ष तुलसीदास बघेल, सचिव भोजराज देवदास व गांव के प्रमुख भोजराज देवदास, तुलसीदास बघेल, गिरधर पटेल, कमलेश निषाद, राजेन्द्र पटेल एवं सरपंच गोपाल प्रसाद गायकवाड़ ने आसपास के ग्रामीणजनों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## महाप्रसादी भंडारा का आयोजन कल

**राजनांदगांव।** ग्राम गठुला-भेड़ीकला समीप स्थित ग्राम भांठागांव में भुई फोड़ उपजे स्वयं-भू-लिंगेश्वर धाम में आगामी 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर भव्य भोज भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि स्वयं भू-लिंगेश्वर धाम में नागराज के साक्षात दर्शन होते हैं।



मंदिर समिति के नरोत्तम साहू ने बताया कि महाशिवरात्रि पर ग्राम भांठागांव में मेला-मंडई जैसे माहौल के बीच सैकड़ों की संख्या में पधारे शिव भक्तों को भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भक्तजनों में महाप्रसादी वितरित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी मंदिर समिति के नरोत्तम साहू द्वारा दी गई।

# सड़कों पर जमी मिट्टी भारी वाहन गुजरने से उड़ रहा धूल का गुबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक तरफ स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के लिए नगर निगम द्वारा तैयारी के दावे किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों से धूल तक साफ नहीं हो पा रही है। सड़कों के किनारे धूल की मोटी परत जमी हुई है, जिस पर ध्यान नहीं दिए जाने के चलते सड़क से भारी वाहन गुजरने पर पीछे चल रहे अन्य राहगीरों को धूल के गुबार का सामना करना पड़ता है। खासकर शहर के ममता नगर रोड पर सबसे अधिक धूल नजर आती है। इस क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर का एक बड़ा हिस्सा धूल से पटा पड़ा है। यहां अंबेडकर चौक से लेकर ममता नगर रोड पर सफाई का अभाव साफ दिखाई देता है। सड़क के हाल को देखकर समझा जा सकता है कि यहां पर महीनों से सफाई नहीं हुई है। ममता नगर की यह सड़क अंबेडकर चौक से इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र तक काफी चौड़ी है, लेकिन धूल से पटे होने के चलते यह सड़क आधी ही नजर आती है।



**आधी-अधूरी हो रही सफाई**

एक तरफ नगर निगम द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर अंक हासिल करने के लिए सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने जोर दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग नहीं होने की वजह से आधी-अधूरी ही सफाई हो रही है। अंबेडकर चौक पर ही रखे गए डिवाइड के बीच में काफी गंदगी पसरी हुई है। यहां भी धूल की मोटी परत जमी है। जिसकी सफाई नहीं की जा रही है।

### सड़क की सफाई चौपट

शहर की कुछ अन्य सड़कें भी है, जहां पर सड़क की सफाई नहीं होने की वजह से भारी वाहनों के गुजरने के दौरान धूल के गुबार से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दो पहिया वाहन चालकों की आंखों में धूल के कण जाने से आंखों में चुभन होती है। वहीं हादसे का खतरा भी बना हुआ है। आगामी दिनों में यहां स्वच्छता सर्वेक्षण होना है। ऐसे में सड़कों पर ही सफाई व्यवस्था चौपट दिखाई दे रही है।

# गिट्टी और मुरूम का अवैध परिवहन, चार वाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने जांच के दौरान अवैध खनिज परिवहन करने पर 4 वाहनों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की गई है। खनिज विभाग द्वारा डोंगरगांव थाना क्षेत्र में चूना-पत्थर गिट्टी के अवैध परिवहन करते ग्राम साल्हे निवासी अजय साहू के हाईवा वाहन सीजी 08 एवाय 8339 जब्त किया गया। इसी तरह डोंगरगांव थाना क्षेत्र में चूना-पत्थर गिट्टी के अवैध परिवहन करते ग्राम गैंदाटोला निवास शैलेन्द्र शर्मा के हाईवा सीजी 08 बीई 6894 और रेत का अवैध परिवहन करते हुए ग्राम मोहड़ निवासी दवेन्द्र साहू के माजदा वाहन को जब्त किया गया। तुमड़ीबोड़ थाना क्षेत्र में मुरूम का अवैध परिवहन करते ग्राम मोहारा निवासी दुर्गेश देवांगन के हाईवा वाहन सीजी 08 ए डब्ल्यू 3809 को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को संबंधित क्षेत्र के थानों में प्रकरण दर्ज कर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।







## खबर संक्षेप



### छात्रों ने खाया फाईलेरिया की दवा

**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन शासकीय महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर के निर्देशन में फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। गांव की मितानिन ने बच्चों को दवाई खिलाया। बच्चों को हाथी पांव पर आधारित वीडियो दिखाया गया। इस दौरान अतिथि व्याख्याता डॉ संजूसिंह, डॉ काव्या जैन, डॉ हेमलता विरदी, कंचन साहू, चांदनी पराते, हिमानी साहू, ओमप्रकाश सहारे, चंद्रकांत कुंभकार, मोनिश खान मौजूद थे। संचालन शुभी जैन ने किया।

### रोजगार योजना का प्रचार



**डोंगरगांव।** भाजपा अन्य पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष दिलीप साहू ने गत दिनों विभिन्न ग्राम पंचायतों में जाकर रोजगार गारंटी योजना के बारे में श्रमिकों को जानकारी दी। बीजाभाठा में सरपंच बसंती, नागेश कुलदीप, कुलेश्वर निषाद जिलाध्यक्ष मछुवारा प्रकोष्ठ राजनांदगांव, सोनम श्रवण निषाद उपस्थित थे।

### भागवत कथा प्रारंभ



**सड़क अतरिया।** चकनार में ग्रामीणों के सहयोग से श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है। गुरूवार को कलश यात्रा एवं वेदी पूजा के साथ कथा का शुभारंभ हुआ। कथा वाचक सूरज उपाध्याय तथा परायणकर्ता विकेश दुबे है। पहले दिन उन्होंने श्रोताओं को कथा का उद्देश्य एवं कथा श्रवण का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि भागवत कथा कराना अश्वमेघ यज्ञ कराने के समान है। ऐसे आयोजन में शामिल होने का अवसर मिले तो लोगों को हमेशा आगे रहना चाहिए। इसी प्रकार सड़क अतरिया में भी गुरूवार को भागवत कथा का आयोजन प्रारंभ किया गया।

### मोहारा व कसारी विजेता

**बेलगांव।** प्रथम एजुकेशन फाउंडेशन एवं दानी स्पोर्ट्स के तत्वावधान में ग्रास रूट स्पोर्ट्स प्रोग्राम अंतर्गत पूर्व माध्यमिक शाला मुसराकला में फ्यू कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस कैंप में पाँच बालक एवं चार बालिकाओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में पूर्व माध्यमिक शाला मोहारा की टीम तथा बालक वर्ग में पूर्व माध्यमिक शाला कसारी की टीम विजेता रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिपं उपाध्यक्ष किरण साहू, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष लता सिन्हा, जिपं सदस्य महेंद्र यादव थे। अध्यक्षता सरपंच गायत्री टेम्बुकर ने की। कार्यक्रम के लिए कबड्डी मैट की निःशुल्क व्यवस्था विधायक दलेश्वर साहू ने की थी। पूर्व माध्यमिक शाला मुसराकला की बालिकाओं ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया।

### पिता-पुत्र का निधन





**डोंगरगढ़।** भैंसरा निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक 81 वर्षीय कार्तिक उईके एवं उनके पुत्र शिक्षक हीराराम उईके का आकस्मिक निधन हो गया है। दोनों के निधन से गांव में मातम पसर गया। कार्तिक उईके के तीन पुत्र और एक पुत्री है। वहीं हीरा उईके के दो पुत्र हैं। दोनों डॉक्टर थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। उनके निधन पर गोड समाज सहित अन्य समाज के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# मां की सजगता से 16 हफ्तों में कुपोषणमुक्त हुई नन्ही हिमांशी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

आंगनबाड़ी केंद्र मोहला बी की नन्ही हिमांशी कोवाची कभी अति गंभीर कुपोषण की श्रेणी में चिन्हित की गई थी।

प्रारंभिक स्वास्थ्य जांच में उसका वजन मात्र 9.2 किलोग्राम पाया गया, जो उसकी आयु के अनुरूप कम था।उसके शारीरिक विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था। नन्ही हिमांशी की स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत हमर स्वस्थ लइका कार्यक्रम अंतर्गत पंजीकृत कर विशेष निगरानी में रखा गया।


हिमांशी की मां कनक कोवाची ने इस चुनौती को जिम्मेदारी के साथ स्वीकार किया और डाइट कैलेंडर का नियमित पालन किया। उन्होंने बच्चे के आहार में विविधता लाते हुए दाल, हरी सब्जियां, अंडा, दूध जैसे पोषक तत्वों को शामिल किया, साथ ही पूरक आहार देना प्रारंभ किया।

### निरंतर निगरानी

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यशोदा कृषक ने भी निरंतर गृह भ्रमण कर परिवार को मार्गदर्शन दिया। नियमित टेक होम राशन का वितरण किया। मासिक वजन मापन, स्वास्थ्य परीक्षण और आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित की। लगातार 16 सप्ताह तक देखभाल और पोषण प्रबंधन का सकारात्मक परिणाम सामने आया और हिमांशी का वजन बढ़कर 11.50 किलोग्राम हो गया।

### हिमांशी का वजन बढ़कर अब 11.50 किलो हुआ





### सुधरी सेहत

हिमांशी की सक्रियता और भूख में सुधार हुआ और वह गंभीर कुपोषण श्रेणी से निकलकर सामान्य श्रेणी में आ गई। यह कहानी दर्शाती है कि जब समय पर पहचान, मां की सजगता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की सतत निगरानी और टीएचआर जैसे पोषण कार्यक्रम एक साथ प्रभावी रूप से लागू होते हैं तो कुपोषण जैसी गंभीर समस्या पर भी सफलतापूर्वक नियंत्रण किया जा सकता है।

## सरकार के फैसले से किसान खुश, बाजार में आएगी रौनक

# 14 हजार किसानों के खाते में होली के पहले जमा होंगे 49 करोड़ रुपए

### सुविधाजनक राशि वितरण की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

समर्थन मूल्य पर धान खरीदी पूर्ण होने के बाद राज्य सरकार ने किसानों को होली के पहले अंतर की राशि देने का ऐलान किया है। स्थानीय जिला सहकारी बैंक अंतर्गत संचालित 13 सोसायटी के 14 हजार 711 किसानों को 49 करोड़ से अधिक राशि मिलेगी। राशि मिलने के बाद इस साल होली का एक अलग ही रंग देखने मिलेगा।

जानकारी के अनुसार स्थानीय जिला सहकारी बैंक के अधीन डोंगरगांव, घुघवा, अर्जुनी, दीवानभेड़ी, कोकपुर, खुर्सीटिकुल, आमगांव, बादराटोला, आतरगांव, कुमर्दा, चिरचारीकला, चारभांठा कु. और धनगांव में 14 हजार 551 किसानों ने कुल 678166.80 क्विंटल धान बेचा है। इन किसानों को वर्तमान में 2369 और 2389 रूपए प्रति क्विंटल की दर से भुगतान किया गया है जबकि सरकार ने चुनाव में 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का वादा किया था। वादे के मुताबिक सरकार से अंतर की राशि होली के पहले देना तय किया है।

### कहां कितनी राशि

जानकारी के अनुसार सरकार की घोषणा के बाद सहकारी बैंक ने सोसायटी वार मिलने वाली राशि का हिसाब लगाना शुरू कर दिया है।जानकारी के अनुसार डोंगरगांव सोसायटी के 1556 किसानों को 49341354, घुघवा के 1630 को 52394394, अर्जुनी के 1592 को 53308796, दीवानभेड़ी के 1448 को 49448066, कोकपुर के 1563 को 52465800, खुर्सीटिकुल के 1274 को 41160204, आमगांव के 931 को 33196887, बादराटोला के 1244 को 43174166, आतरगांव के 715 को 24307648, कुमर्दा के 995 को 34286748, चिरचारीकला के 538 को 18237536, चारभांठा कु के 737 को 25174448 और धनगांव के 488 किसानों 16497940 रूपए मिलने की संभावना है।

### शादी की खरीदी में आएगी तेजी

दीवाली के बाद बाजार में सन्नाटा सा पसरा दिखाई दे रहा है। ग्राहकी नहीं होने से कारोबारी भी परेशान है। किसानों के खाते में धान के अंतर की राशि आने के बाद बाजार में बूम आने की संभावना है। उल्लेखनीय है कि खेती किसानी के काम से फुरसत पाने के बाद किसानों अब अपनी बेटा बेटी की शादी की तैयारी में लग गए है। होली के बाद होने वाली शादियों के लिए धान की राशि से खरीदी करेंगे।

### सरकार ने किया वादा पूरा: किरण



**डोंगरगढ़।** जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू ने किसानों को होली के पहले अंतर की राशि देने के निर्णय को ऐतिहासिक एवं किसान हितैषी बताया है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया था, उसे पूरा किया जा रहा है। किसानों को मिल रही यह सौगात वास्तव में मोदी की गारंटी की गारंटी का परिणाम है। साय सरकार किसानों को समृद्ध करने प्रतिबद्ध है। सरकार द्वारा लगभग 10 हजार करोड़ का भुगतान एकमुश्त किया जाना संवेदनशीलता और दृढ़ संकल्प को दर्शाता है। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

### जो कहा वह किया



अंतर की राशि देने की घोषणा से एक बार फिर साबित हो गया है कि भाजपा कागजी घोषणा नहीं करती। वह जो कहती है उसे पूरा भी करती है। सरकार ने राशि की घोषणा कर अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया है।

**- दिनेश गांधी,** पूर्व अध्यक्ष जिपं

### डबल इंजन सरकार ने दी डबल खुशी



होली की खुशी को डबल करते हुए विष्णुदेव सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लिया है। सरकार के इस फैसले ने किसानों के जीवन में बदलाव आएगा साथ ही उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**- हिरेन्द्र साहू,** प्राधिकृत अधिकारी बादराटोला

### किसानों में उत्साह



सरकार के निर्णय से धान बेचने वाले किसानों में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। किसान अब होली पर्व को धूमधाम से मनाएंगे साथ ही बिना किसी तनाव के अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को भी पूरा करेंगे।

**- रामकुमार गुप्ता,** प्राधिकृत अधिकारी डोंगरगांव

# महाशिवरात्रि महोत्सव 14 से, बहेगी भक्ति की धारा

- तीन दिन चलेगा महाशिवरात्रि महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



श्री बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के तत्वावधान में महाशिवरात्रि पर्व महोत्सव आयोजन किया गया है। यह धार्मिक महोत्सव 14 से 16 फरवरी तक आयोजित होगा। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में श्रद्धालुओं को भक्ति, संगीत और आस्था का संगम देखने मिलेगा। महोत्सव अंतर्गत प्रतिदिन रात्रि आठ बजे से भजन संध्या रखा गया है जिसमें प्रसिद्ध भजन गायक-गायिकाएं अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आगामी 14 फरवरी को जबलपुर की प्रसिद्ध गायिका सुरभि गुप्ता एवं नम्रता गुप्ता भजनों की प्रस्तुति देंगी। इसी क्रम में 15 फरवरी को स्वर सम्राट दिलीप षड़गी, 16 फरवरी को भजन गायिका शहनाज अख्तर की प्रस्तुति होगी। यह कार्यक्रम मेला ग्राउंड में स्थित मंच में होगा। आयोजक समिति ने शिवभक्तों एवं नगरवासियों से आयोजन में शामिल होने की अपील की है।

### महाकाल बाबा की बारात निकलेगी 15 को

**डोंगरगांव।** महाशिवरात्रि के अवसर पर आगामी 15 फरवरी को शहर में बाबा महाकाल की बारात शोभायात्रा धूमधाम से निकाली जाएगी।शहर में यह आयोजन बीते पांच सालों से लगातार किया जा रहा है। शोभायात्रा बीटीआई ग्राउंड से निकलने के बाद नगर भ्रमण करते हुए स्वामी आत्मानन्द स्कूल ग्राउंड पहुंचेगी। यहां सभी दलों द्वारा स्टेज शो एवं शिव पार्वती के वरमाला एवं विवाह के पश्चात प्रसादी वितरण किया जाएगा। आयोजनक श्री महाकाल मित्र मंडल के सदस्यों ने बताया कि विगत वर्षों के भांति इस वर्ष भी बाबा की बारात में शामिल होने देव बस्तर से गढ़ माउली माता, दंतेश्वरी माता, 52 गढ़ का राजा खंडा मुढ़यि बाबा पुत्र सोनकुंवर बाबा, नगर के पांचो जमींदारी शीतला माता, बम्लेश्वरी माता, चंडी माता, पाताल भैरवी माता स्वरूप शामिल होंगे।

#### अघोरी डांस पार्टी होगी शामिल

बाबा की बारात मे नैनीताल की अघोरी डांस पार्टी, बस्तर का माँदरी नृत्य, राऊत नाचा, पंथी नृत्य, उड़ीसा का संबलपुरिया बाजा सहित आकर्षक डीजे आकर्षण का केंद्र होगा। श्री महाकाल मित्र मंडल ने अंचल के शिवभक्तों, सनातन प्रेमियों से आयोजन में शामिल होने का आव्हान किया है।

# बेरोकटोक बिक रही शराब

- बच्चों पर पड़ रहा विपरीत असर
- चिंता में अभिभावक

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ब्लाक मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम मुसरा कला में अवैध शराब की बिक्री चरम पर है। ग्राम में लगभग 2 दर्जन से अधिक लोग शराब बेच रहे हैं। बेलगांव में शराब दुकान से कोचिए छोटे बच्चों के माध्यम से शराब मंगवाकर बेचते है जिसके परिणाम स्वरूप बच्चे भी नशा करने लगे हैं। बच्चे शिक्षा से दूर होकर शॉर्ट कट पैसे कमाने के राह पर चल रहे है और उन्हें सफलता भी मिल रही है क्योंकि अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। आसपास गांव के लोग भी कमाने के चक्कर घूम घूम कर शराब बेचने लगे हैं। वहीं पुलिस कार्रवाई करने के बजाए स्वार्थ सिद्धि में लगी है। सरपंच गायत्री शिव टेंभुरकर ने बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा पिछले 6 महीनों से अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने की मांग की जा रही है परन्तु पुलिस प्रशासन मौन साधे हुए है। उन्होंने शराब बेचने वालों की संख्या दिनों दिन बढ़ते जा रही है। उन्होंने बताया कि पंचायत तो वैध शराब बिक्री केंद्र खोलने की मांग की है ताकि गली गली में शराब बिकना बंद हो।

# पेंशन नियम बदलने की मांग, शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में डीपीआई संचालक ऋतुराज रघुवंशी, सहायक संचालक अशोक नारायण बंजारा, एचसी दिलावर से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा।

प्रतिनिधि मंडल ने चर्चा करते हुए बताया कि 30 हजार सहायक शिक्षक पदोन्नति एवं क्रमोन्नति से वंचित है। पदोन्नति हेतु एसोसिएशन की थीम पर 5 वर्ष के अनुभव को एक बार शिथिल करते हुए 3 वर्ष किया गया था इसी तरह क्रमोन्नति समयमान हेतु निर्धारित 10 वर्ष की सेवा को एक बार शिथिल करते हुए 5 वर्ष किया जाना चाहिए। डीपीआई रघुवंशी ने बताया कि प्राचार्य पदोन्नति प्रक्रिया जारी है। ज्ञापन में पेंशन निर्धारण के लिए 20 वर्ष अर्हकारी सेवा और 50 प्रतिशत पेंशन निर्धारण का प्रावधान, न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा अवधि पर पेंशन निर्धारण का प्रावधान है, जिसे न्यूनतम 5 वर्ष करने, 30 हजार सहायक शिक्षक को पदोन्नति एवं क्रमोन्नति का लाभ देने की मांग की गई है। इस दौरान जिला अध्यक्ष गोपी वर्मा, शैलेन्द्र यदु, राकेश तिवारी, जीवन वर्मा, चन्द्रिका यादव, बृजेश वर्मा, ईश्वर मंडावी, महेश ठाकुर, संदीप साहू, राजेश साहू, रतिराम कन्नौजे, हंसकुमार मेश्राम, मनोज वर्मा, देवेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

### देवगुड़ी एवं मंच का भूमिपूजन

**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्राम पंचायत देवडोंगर में देवगुड़ी एवं मंच का भूमिपूजन किया। इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए विधायक बघेल ने महतारी वंदन योजना पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार महतारी वंदन योजना के नाम पर महिलाओं को ठग रही है। वृद्ध और विधवा महिलाओं को मिलने वाली निराश्रित पेंशन की राशि को काटकर उसे महतारी वंदन का नाम दिया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि विधानसभा क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को रोककर जनता को मूलभूत सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। पंचायतों को फंड जारी नहीं किया जा रहा है। सरपंचों के पास विकास कार्यों के लिए राशि नहीं है।



# वन को आग से बचाने की अपील



- आग की सूचना देने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

दक्षिण बोरतलाव रेंज में वन अग्नि सुरक्षा एवं वन्यजीव प्रबंधन के प्रभावी प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में गत दिनों वन अग्नि सुरक्षा एवं वन्यजीव प्रबंधन पर जागरूकता कार्यशाला का आयोजन ठाकुरटोला डिपो में किया गया। कार्यशाला में ग्रामवासियों को वनों में आग लगने के कारण, उससे होने वाले पर्यावरणीय एवं वन्यजीव क्षति तथा आग से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को वन संपदा के संरक्षण में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया। ग्रामीणों से अपील की गई कि वन क्षेत्र में आग लगने की किसी भी घटना अथवा संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल वन विभाग को दें। इसके अतिरिक्त क्षेत्र में एंटी स्नेयर वॉक, अग्नि पट्टी सफ़ाई तथा वन गश्त जैसे महत्वपूर्ण कार्य नियमित रूप से किए जा रहे हैं, ताकि वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# अंतर्विभागीय व्याख्यान का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी

- व्याख्याताओं ने छात्रों को दी विषयवार जानकारी




नवीन शासकीय महाविद्यालय अर्जुनी में प्राचार्य डॉ अंजना ठाकुर निर्देशन में बीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए अंतर्विभागीय व्याख्यान का आयोजन डॉ काव्या जैन ने किया।

व्याख्यान में विद्यार्थियों को सांख्यिकी के उदभव, समांतर माध्य, माध्यिका, बहुलक, चतुर्थक के फार्मूला, रीति ,विधि के बारे में बताया गया। बीकॉम तृतीय के छात्रों को डॉ संजूसिंह ने भोरमदेव के इतिहास से अवगत कराया। बीएससी अंतिम में वाणिज्य अतिथि व्याख्याता शुभी जैन ने आयकर एवं जीएसटी की जानकारी दी। उन्होंने आयकर की अवधारणा, कर दायित्व, कर स्लैब, रिटर्न दाखिल करने की प्रक्रिया के बारे में बताया। डॉ हेमलता विरदी ने विटामिन के प्रकार, कोशिका निर्माण, प्रक्रिया, कमी से होने वाले रोग की जानकारी दी। रसायन की अतिथि व्याख्याता कंचन साहू ने दैनिक जीवन में रासायनिक अभिक्रिया का महत्व एवं उपयोग बताया। इसी क्रम में राजनीति विभाग के ज्ञानेश्वर देवांगन ने समसामयिक राजनीतिक, सामाजिक तथा आर्थिक विषयों से अवगत कराया।

# जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि जुटे प्रचार में



**सड़क अतरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खम्हन ताम्रकार इन दिनों गांव गांव पहुंच कर किसान, मजदूर, गरीबों से संपर्क कर केन्द्र एवं राज्य की जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर लाभ लेने प्रेरित कर रहे हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को उन्होंने सड़क अतरिया में मनरेगा कार्यस्थल पहुंच कर मजदूरों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनरेगा बंद होने की अफवाह से भ्रमित न हो इसे पहले से बेहतर बनाया गया है। विकसित भारत जी राम जी के नाम से योजना को बेहतर और कल्याणकारी बनाया गया है। मजदूर को अब साल में 125 दिन काम मिलेगा। मूल्यांकन के पखवाड़े भर में मजदूरी नहीं मिली तो ब्याज सहित राशि का भुगतान किया जाएगा। मजदूर को मांग के बाद भी काम नहीं मिलने पर बेरोजगारी भत्ता की पात्रता रहेगी। । उन्होंने आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि की भी जानकारी देकर ग्रामीणों की समस्या को त्वरित समाधान कराया। उन्होंने गुमानपुर, लालपुर, लीमो, पत्थरा, धोधा पहुंच कर लोगों को योजना की जानकारी दी। इस दौरान सरपंच संघ अध्यक्ष प्रकाश जंघेल, सरपंच लोमश वैष्णव, महेश जैन, अश्वनी वैष्णव, रामकृष्ण वैष्णव, दीपेन्द्र वर्मा, उमेश जंघेल, महेश्वरी यादव आदि मौजूद थे।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बोड़ेगांव पहुंचा सर्विस ऑन व्हील्स सेवा रथ

**मोहला।** कलेक्टर तुलिका प्रजापति के मार्गदर्शन में संचालित सर्विस ऑन व्हील्स सेवा रथ बुधवार को महाराष्ट्र बॉर्डर पर स्थित बोड़ेगाँव पहुँचा। प्रशासन की इस संवेदनशील पहल से ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। जहां पहले शासकीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को दूरस्थ मुख्यालय तक जाना पड़ता था, वहीं अब योजनाए स्वयं गाँव तक पहुँच रही हैं। बोड़ेगाँव जैसे सुदूर क्षेत्र में सेवा रथ के माध्यम से दिव्यांगजन एवं वृद्धजनों को विभिन्न योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। सेवा रथ के माध्यम से 48 डीएलसी भौतिक सत्यापन, 34 आधार सीडिंग, 32 वय वंदन योजना पंजीयन एवं 23 सहायक उपकरण प्रदाय किए गए। कुल 137 हितग्राहियों को विभिन्न सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया।

### सांसदों के मौन से राज्य को नुकसान



**डोंगरगढ़।** कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने डोंगरगढ़-कटघोरा रेल लाइन, डोंगरगढ़- मानपुर रेल लाइन के मसले पर भाजपा के 10 सांसदों की चुप्पी पर सवाल उठाया है। उन्होंने कहा कि राज्य की इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं और विशेष पैकेज की मांग मजबूती से किया जाना था किन्तु सभी सांसद आवाज बुलंद करने के बजाए मौन साधे हुए है। उन्होंने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों को लागू किया जाना चाहिए ताकि किसान को आर्थिक सुरक्षा मिले। मजदूरों स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि मनरेगा को कमजोर करने के बजाय उसे और अधिक सशक्त बनाया जाना चाहिए।

### सरकार का निर्णय ऐतिहासिक



**बांधाबाजार।** जिला भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष अरुण यादव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में लिए गए निर्णय को ऐतिहासिक बताया है। उन्होंने कहा कि राज्य के किसानों को होली से पहले धान की अंतर राशि का एक मुक्त भुगतान करने का फैसला किसान हितैषी है। श्री यादव ने कहा कि सरकार केवल धान की खरीदी नहीं कर रही है बल्कि किसान के पसीने की कीमत चुकाकर उनके पुरुषार्थ कर सम्मान कर रही है।

### रसायन विज्ञान पर व्याख्यान

**जालबांधा।** नवीन शासकीय महाविद्यालय जालबांधा में डॉ ओपी गुप्ता के निर्देशन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष संजयदेवांगन के मार्गदर्शन में




रसायन विज्ञान एवं परीक्षा की प्रभावी तैयारी विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य वक्ता सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रेरणा थीं। व्याख्यान में डॉ. प्रेरणा ने विद्यार्थियों को रसायन विज्ञान के विभिन्न विषयों को सरल एवं प्रभावी तरीके से समझने के उपाय बताए। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित अध्ययन, समय-प्रबंधन तथा लिखित अभ्यास पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए उत्तर लेखन की सही विधि, महत्वपूर्ण प्रश्नों की तैयारी तथा अवधारणाओं को स्पष्ट रूप से समझने के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में प्रश्नोत्तर सत्र में छात्रों ने प्रश्न पूछकर शंकाओं का समाधान प्राप्त किया। संचालन वासु दुबे तथा आभार व्यक्त पूजा देवांगन ने किया।

### छात्रों ने किया छिंदारी वेटलैंड का शैक्षणिक भ्रमण

**खैरागढ़।** रानी रश्मि देवी सिंह शासकीय महाविद्यालय वनस्पति विज्ञान विभाग द्वारा बीएससी तृतीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. ओपी गुप्ता के मार्गदर्शन और सहायक




प्राध्यापक सुश्री भबीता मंडावी के नेतृत्व में छिंदारी वेटलैंड में हुआ। भ्रमण दौरान विद्यार्थियों को वेटलैंड की जैव विविधता, जलीय व अर्ध-जलीय वनस्पतियों, पक्षियों के प्राकृतिक आवास सहित पर्यावरण संतुलन में आर्द्रभूमियों की भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को वेटलैंड संरक्षण, जल संरक्षण व जैव विविधता संरक्षण के महत्व से भी अवगत कराया गया। भ्रमण से विद्यार्थियों में व्यावहारिक ज्ञान, पर्यावरणीय जागरूकता तथा संरक्षण की भावना विकसित हुई। उन्होंने शैक्षणिक भ्रमण को समग्र शैक्षणिक विकास के लिए उपयोगी बताया।

### तीन दिवसीय मानस सम्मेलन प्रारंभ

**सड़क अतरिया।** ग्राम संड़ी में शुक्रवार को मानस परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से तीन दिवसीय मानस सम्मेलन का आयोजन प्रारंभ किया गया। सम्मेलन में ख्याति प्राप्त मंडलियों की प्रस्तुति हो रही है। प्रत्येक दिन तीन



तथा कुल 9 मंडली इस सम्मेलन में प्रतिभागी है। आयोजन के पहले दिन पूजा अर्चना के पश्चात सर्वप्रथम श्री सिद्ध बाबा मानस परिवार घिरघोली तथा श्री गंगा मानस परिवार टेकापार और पवन मानस परिवार सुकुलदैहान की मानस मंडली ने अपनी प्रस्तुति दिया। मंडली के प्रस्तुति से दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। सभी मंडली को उपहार देकर सम्मानित किया जाएगा। शनिवार को सीता राम मानस परिवार तेलावट उत्तर बस्तर, शीतला मानस परिवार महासमुन्द, प्रज्ञा सुमन मानस परिवार रतनपुर, महासमुंद की मंडली अपनी प्रस्तुति देंगें। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमियों से उपस्थिति की अपील किया है।

### डॉ. पीसी लाल यादव की पुस्तक का विमोचन



**गंडई पंडरिया।** छत्तीसगढ़ की साहित्यिक संस्था कृति सीपत (बिलासपुर) का रजत जयंती महोत्सव 8 फरवरी को पंडित देवकीनंदन दीक्षित सभागार में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में प्रदेश भर के लगभग 250 साहित्यकारों ने हिस्सा लिया। समारोह के दौरान संस्था की पत्रिका एहसास के 21वें अंक और गंडई के साहित्यकार डॉ. पीसी लाल यादव की नई काव्य कृति जीवन है एक नदी का विमोचन किया गया। संस्था के अध्यक्ष शरद यादव अक्स ने डॉ. यादव को उनकी दीर्घकालीन साहित्यिक सेवाओं के लिए शाल, श्रीफल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. विनय पाठक, डॉ. मखीजा, मीर अली मीर और डॉ. रामनारायण ध्रुव जैसे वरिष्ठ साहित्यकार अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। डॉ. यादव की नई कृति के प्रकाशन पर मनीराम साहू, कन्हैया साहू और अन्य उपस्थित रचनाकारों ने उन्हें बधाई दी है।

---

ई-केवाईसी पूर्ण करने और पारदर्शिता बढ़ाने के दिए निर्देश

# खाद्य विभाग की योजनाओं की आयोग अध्यक्ष ने की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

राज्य खाद्य आयोग अध्यक्ष संदीप शर्मा ने प्रवास के दौरान कलेक्टोरेट में आयोजित बैठक में सार्वजनिक वितरण प्रणाली पीडीएस, पूरक पोषण आहार योजना, मध्यान्ह भोजन योजना और शासकीय आश्रम-छात्रावासों को बीपीएल दर पर प्रदाय खाद्यान्न की विस्तृत समीक्षा की।

बैठक में अध्यक्ष श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि जिले की सभी उचित मूल्य दुकानों को प्रत्येक माह निर्धारित तिथि पर अनिवार्य रूप से खोला जाए। उन्होंने नागरिक आपूर्ति निगम से तौलकर खाद्यान्न प्राप्त करने, वितरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। निगरानी समितियों की नियमित बैठक आयोजित करने, एपीएल और बीपीएल चावल के अंतर की स्पष्ट जानकारी प्रदर्शित करने के अलावा दोनों प्रकार के चावल का पृथक भंडारण सुनिश्चित करने दुकान संचालकों को प्रशिक्षण देने कहा। समीक्षा के दौरान बताया गया कि जिले में लगभग 25 हजार सदस्यों का ई-केवाईसी शेष है। इस पर अध्यक्ष ने विशेष अभियान चलाकर शीघ्र शत-प्रतिशत ई-केवाईसी पूरा कराने कहा। साथ ही सभी उचित मूल्य दुकानों में आवश्यक सूचनाओं का स्पष्ट प्रदर्शन और नियमित संचालन सुनिश्चित करने को कहा।

## समय पर दुकान खोलने के निर्देश




### लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी

अध्यक्ष श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि खाद्य योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आम नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध खाद्यान्न उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। पूरक पोषण आहार योजना की समीक्षा करते हुए अध्यक्ष ने पोषण ट्रेकर में दर्ज बच्चों की संख्या, केंद्रों में भौतिक रूप से उपस्थित बच्चों की संख्या का मिलान करने आंगनबाड़ी केंद्रों का औचक निरीक्षण करने के अलावा आंगनबाड़ी केंद्रों में सभी आवश्यक जानकारियों का प्रदर्शन सुनिश्चित करने कहा। सभी स्कूलों में मध्यान्ह भोजन अंतर्गत प्रति छात्र निर्धारित खाद्यान्न, दाल, सब्जी की मात्रा का स्पष्ट प्रदर्शन करने व उसका समुचित क्रियान्वयन सुनिश्चित करने भी उन्होंने कहा।

### चावल पकाने की प्रक्रिया का करें पालन

इसके अलावा शासकीय आश्रम, छात्रावासों में फोर्टिफाइड चावल पकाने की सही प्रक्रिया का पालन, प्रति छात्र खाद्यान्न की पात्रता का प्रदर्शन व खाद्य विभाग के कॉल सेंटर नंबर को स्थायी रूप से प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। इस दौरान आयोग सदस्य राजेंद्र महिलांग, सचिव राजीव कुमार जायसवाल, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, खाद्य अधिकारी, सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, जिला प्रबंधक नान सहित जिले के समस्त सहायक खाद्य अधिकारी एवं खाद्य निरीक्षक उपस्थित थे।

---

## प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना की बैठक

**खैरागढ़।** कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (पीएम पोषण/मध्याह्न भोजन योजना) की जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में योजना के संचालन, प्रगति व गुणवत्ता की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में बताया गया कि जिले की 649 प्राथमिक व माध्यमिक शालाओं में पीएम पोषण योजना का नियमित रूप से संचालन किया जा रहा है। शालाओं में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखते हुए सुरक्षित रसोईघर, खाद्यान्न के सुरक्षित भंडारण व स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। अधिकांश शालाओं में महिला स्व-सहायता समूहों के माध्यम से मध्याह्न भोजन का संचालन किया जा रहा है। योजना अंतर्गत कुकिंग कॉस्ट एवं रसोइयों के मानदेय का भुगतान पीएफएमएस के माध्यम से समय पर किया गया है। इसके साथ ही शालाओं में किचन गार्डन विकसित किए जाने, फोलिक एसिड टैबलेट वितरण कार्यक्रम, मोबाइल ऐप के माध्यम से विद्यार्थियों की उपस्थिति दर्ज करने और भारत सरकार के एमआईएस पोर्टल में नियमित प्रविष्टि की जानकारी भी दी गई।

### एलपीजी गैस का करें प्रयोग

बैठक में सभी शालाओं में मध्याह्न भोजन निर्माण के लिए एलपीजी गैस के प्रयोग को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। कलेक्टर श्री चंद्रवाल ने कहा कि एलपीजी के उपयोग से भोजन निर्माण में स्वच्छता, सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित होगा। साथ ही उन्होंने लकड़ी अथवा अन्य पारंपरिक ईंधन के स्थान पर एलपीजी के अधिकाधिक उपयोग पर जोर दिया। कलेक्टर ने योजना के प्रभावी क्रियान्वयन, भोजन की गुणवत्ता बनाए रखने, विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने और नियमित मॉनिटरिंग का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस दौरान जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, डीईओ लाल जी द्विवेदी सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

---

## जिला भाजयुमो पदाधिकारियों ने की विक्रांत सिंह से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिला भारतीय जनता युवा मोर्चा अध्यक्ष आयश सिंह बोनी, अल्पसंख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष अयूब सोलंकी, राजनांदगांव जिला भाजयुमो महामंत्री नोमेश वर्मा सहित जिला भाजयुमो के पदाधिकारियों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह से सौजन्य मुलाकात की।

आत्मीय वातावरण में संपन्न मुलाकात दौरान जिसमें संगठन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने सभी पदाधिकारियों को उनके नवीन दायित्वों के लिए बधाई दीं और संगठन के विस्तार, युवाओं की सक्रिय भूमिका और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की।

श्री सिंह ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा, भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है। युवाओं की ऊर्जा, समर्पण और विचारधारा से ही संगठन को मजबूती मिलती है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता पार्टी की नीतियों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि युवाओं को समाजसेवा और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में बढ़-चढक़र भाग लेना चाहिए। संगठनात्मक अनुशासन, टीमवर्क और निरंतर सक्रियता के माध्यम से ही पार्टी को और अधिक सशक्त बनाया जा सकता है। भाजयुमो की टीम ने उन्हे भगवान श्री राम का तैलचित्र भेंट किया और जिले में भाजयुमो को सशक्त करने का आह्वान किया।

इस दौरान तरुण सिंह, आलोक श्रीवास, मंजीत सिंह, हर्षवर्धन वर्मा सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने संगठन को मजबूत करने और आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित

**राजनांदगांव।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय भारत सरकार की रैंप योजना अंतर्गत सीएसआईडीसी रायपुर के मार्गदर्शन में बुनकर केन्द्र सुकुलदैहान में तीन दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल सभी बुनकरों का निःशुल्क उद्यम पंजीयन कराया गया। इस डिजिटल पंजीकरण के माध्यम से बुनकर विभिन्न शासकीय योजनाओं एवं बैंक ऋण सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला के प्रथम दिन मास्टर ट्रेनर ने बुनकर संघ के कार्यों को विस्तार देने एवं एक साधारण बुनकर से सफल उद्यमी बनने के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। प्रशिक्षण के दूसरे दिन मुद्रा योजना के लाभ एवं वित्तीय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के अंतिम दिन बाजार की आधुनिक मांग के अनुरूप रेडीमेड वस्त्र निर्माण के बारे में बताया गया। विशेष प्रशिक्षण कार्यशाला में शामिल होने के लिए इच्छुक बुनकर, आयरन, स्टील सेक्टर उद्यमी ,प्लास्टिक इकाई, टूरिज्म से जुड़े व्यक्ति कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र राजनांदगांव में संपर्क कर अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

## आस्था, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम महोत्सव में गंगा आरती आयोजकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- युवाओं में भी आध्यात्मिक चेतना और परंपराओं के प्रति जुड़ाव बढ़ाने का कार्य किया

रुक्खड़ स्वामी महोत्सव के शुभ अवसर पर आस्था, संस्कृति और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्तिक पूर्णिमा पर हर साल आयोजित होने वाली गंगा आरती की परंपरा को आगे बढ़ाने वाले संयोजक डॉ अरूण भारद्वाज और महादेव मंदिर ट्रस्ट समिति के सभी धर्मध्वज वाहकों का शॉल, श्रीफल और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

महोत्सव में उपस्थित श्रद्धालुओं ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के पावन अवसर पर हर वर्ष आयोजित होने वाली गंगा आरती क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। हरिद्वार की तर्ज पर आयोजित इस आरती ने न केवल धार्मिक वातावरण को मजबूत किया है बल्कि युवाओं में भी आध्यात्मिक चेतना और परंपराओं के प्रति जुड़ाव बढ़ाने का कार्य किया है।



### समिति के कार्यों की सराहना

वक्ताओं ने कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज में आपसी सौहार्द, एकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। समिति के कार्यों की सराहना करते हुए उन्होंने भविष्य में भी इस परंपरा को और अधिक भव्य रूप में आगे बढ़ाने की बात कही। अंत में आयोजकों ने सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए समाज सेवा और धार्मिक गतिविधियों को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

## नशा तस्करी पर कड़ी निगरानी के निर्देश

- एनकॉर्ड की जिला स्तरीय बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

जिले में मादक पदार्थों के अवैध व्यापार पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से गठित नार्को कोऑर्डिनेशन जिला स्तरीय समिति की बैठक कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल की अध्यक्षता में हुई।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति में नशे के विरुद्ध ठोस व समन्वित कारवाई को लेकर अहम निर्णय लिया गया। बैठक में जिले में संचालित समस्त मेडिकल स्टोर्स में सीसीटीवी कैमरा अनिवार्य रूप से स्थापित कर सतत निगरानी सुनिश्चित करने, साथ ही नशीली दवाओं के क्रय-विक्रय से संबंधित रिकॉर्ड का नियमित व गहन निरीक्षण को लेकर चर्चा हुई ताकि किसी भी प्रकार की अनियमितता पर तत्काल कार्रवाई की जा सके। समिति ने यह भी निर्णय लिया कि नशीले पदार्थों के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए व्यापक स्तर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जाएं, जिसमे विशेषकर युवा वर्ग को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराया जा सके। इसके अतिरिक्त मादक पदार्थों के परिवहन एवं तस्करी से जुड़े मामलों में त्वरित और कठोर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके अलावा समन्वय के साथ काम करते हुए जिले को नशामुक्त बनाने के लिए सभी विभागों से सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## बिजली उपभोक्ताओं के लिए टैरिफ याचिकाओं पर जन-सुनवाई

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 के लिए बिजली दरों (टैरिफ) के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर राजनांदगांव क्षेत्र (राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई एवं कबीरधाम जिले) के उपभोक्ताओं के लिए जन-सुनवाई आयोजित की जा रही है। सीएसईआरसी द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के विभिन्न उपभोक्ताओं को उक्त जनसुनवाई की प्रक्रिया में हिस्सा लेने क्षेत्रवार ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य की बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं पर आम जनता, किसान और उद्योगपति अपने सुझाव व आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं। राजनांदगांव क्षेत्र के उपभोक्ताओं को आयोग के रायपुर कार्यालय से सीधे जुड़ने 17 फरवरी को दोपहर 3 से 4.30 बजे तक राजनांदगांव शहर के पार्रीनाला स्थित कार्यपालक निदेशक कार्यालय छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड राजनांदगांव पर उपस्थित हो सकते हैं।

---

पांडादाह में मनाई गई संत शिरोमणि रविदास की जयंती

# रविदास ने समरूपता का पाठ सिखाया : बघेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

ग्राम पंचायत पांडादाह में जिला स्तरीय संत रविदास जयंती का भव्य आयोजन पांडादाह मंडल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल उपस्थित रहे।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य अरुणा बनाफर, जनपद सदस्य सरस्वती यदु, ग्राम पंचायत सरपंच तुलसी भांडेकर, जिला सतनामी समाज अध्यक्ष खुमान देशलहरे, जिला मुस्लिम समाज अध्यक्ष सज्जाक खान, जिला बौद्ध समाज अध्यक्ष संतोष कामडे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष तेजराम वर्मा, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष आरती महोबिया सहित अनेक गणमान्य अतिथि मंचासीन रहे। जिला सतनामी समाज अध्यक्ष खुमान देशलहरे ने कहा कि शिक्षा ही समाज को आगे बढ़ाने का मूल मंत्र है और संत रविदास के आदर्शों पर चलकर ही प्रगति संभव है। जिला मुस्लिम समाज अध्यक्ष सज्जाक खान ने संत रविदास के अमर वचन मन चंगा तो कठौती में गंगा का उल्लेख करते हुए कहा कि संत की वाणी अमृत के समान होती है। हमें उनके बताए मार्ग पर चलकर आपसी सौहार्द और भाईचारा मजबूत करना चाहिए। जिला बौद्ध समाज अध्यक्ष संतोष कामडे ने कहा कि आज समाज के अनेक लोग उच्च पदों पर कार्यरत हैं, जिन्होंने शिक्षा को अपना आधार बनाया। उन्होंने संदेश दिया कि एक समय का भोजन कम कर लो, लेकिन अपने बच्चों को अवश्य पढ़ाओ। कार्यक्रम का संचालन सतीश टांडेकर ने किया। इस अवसर पर रिंकू महोबिया, निजामुद्दीन शेख, आशु खान, राजू भाई, अशोक महान, बल्लू भाई सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं जिलेभर से संत रविदास समाज के अनुयायी उपस्थित रहे।




### शिक्षा और एकता पर जोर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने मनखे-मनखे एक समान का नारा देते हुए कहा कि संत रविदास ने समाज को समरूपता और समानता का पाठ सिखाया। उन्होंने कहा कि जयंती मनाने के साथ-साथ शिक्षा के प्रति जागरूकता लाना आवश्यक है, तभी समाज आगे बढ़ सकेगा। उन्होंने समाज को संगठित रहने और एकता को मजबूत करने की प्रेरणा दी।

### समाज प्रमुखों का हुआ सम्मान

संत रविदास जयंती के अवसर पर संत रविदास समाज द्वारा विभिन्न समाजों के जिला प्रमुखों का तिलक लगाकर एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द बनाए रखने का संदेश दिया गया।

## वारिसान नियुक्ति में देरी कोटवारों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

- कोटवारों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर की जल्द ही नियुक्ति करने की मांग

कोटवार एसोसिएशन आफ छग जिला इकाई द्वारा कोटवारों के वैध वारिसान को नियुक्ति के संबंध में नायब तहसीलदार भूपेंद्र कुमार नेताम को ज्ञापन सौंपकर जल्द ही नियुक्ति की मांग की है।

ज्ञापन में कहा गया है कि तहसील के उप शाखा जालबांधा में कोटवार नियुक्ति का कई मामला अधर में लटका हुआ है, जिससे जिला कोटवार संघ बहुत आहत में है।

दल्ली खोली में कोटवार नियुक्ति का मामला एसआईआर के वजह से बीते चार महीने से लटका हुआ है। जिसका तत्काल निराकरण कर कोटवार नियुक्त किया जाए। नियुक्ति नहीं होने के वजह से जिले के अलावा समूचे प्रदेश के कोटवार संगठन शासन-प्रशासन के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बिरेश कुमार मेश्राम, उपाध्यक्ष भगत राम गन्धर्व, जयराम बोरकर, सचिव कमलेश कुमार जंघेल, जिला संगठन मंत्री अंजोर सिंह सहित बड़ी संख्या मे कोटवार उपस्थित थे।

## सार समाचार

### तिलईरवार में मेधावी बच्चों का सम्मान

**राजनांदगांव।** गणतंत्र दिवस समारोह 26 जनवरी को ग्राम तिलईरवार में रेशमलाल पटेल द्वारा वर्ष 2025 में कक्षा पांचवी, आठवीं, दसवीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में जितने भी विद्यार्थियों ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किए हैं, उनको मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया। रेशमलाल पटेल द्वारा विगत कई वर्षों से मेधावी बच्चों को सम्मानित करने का उनको प्रोत्साहित करने का एक अनोखा कार्य कर रहे हैं। उनके इस कार्य को सरपंच नंदीका कुंजाम, मोरध्वज चंद्रवंशी, चंद्रकुमार साहू, सुदर्शन साहू, प्रकाश सूर्यवंशी, कांतिबाई चंद्रवंशी, तामेश्वर साहू, दिग्विजय शांडिल्य, ग्रामीणजनों, प्राचार्य एवं सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा बहुत प्रशंसा की गई। रेशमलाल पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में बताया कि शिक्षा ही एक ऐसा माध्यम है।

### असलम और प्रिंस बनाए गए महामंत्री

**राजनांदगांव।** जिला भाजपा अपने संगठनात्मक ढांचे को मजबूत करने पर लगा हुआ है। विभिन्न मोर्चा प्रकोष्ठों के गठन के पश्चात बहुप्रतिक्षित अल्पसंख्यक मोर्चे की घोषणा की गई।
विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के आशीर्वाद एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष मखमुर इकबाल खान की सहमति एवं भाजपा के जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की अनुशंसा से हैरी जोसेफ जिलाध्यक्ष ने अल्पसंख्यक मोर्चा जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। जिसके अनुसार अफजल खान उपाध्यक्ष, सलीम खान उपाध्यक्ष, सोनी डेविस उपाध्यक्ष राजनांदगांव, ईस्माईल खान उपाध्यक्ष, सिद्दीक बडगुजर उपाध्यक्ष डोंगरगांव, इंदरपाल भाटिया उपाध्यक्ष बागनदी, असलम खान महामंत्री, प्रिंस भाटिया महामंत्री, बसीर खान मंत्री, तरनदीप सिंह अरोरा मंत्री, बलबिंदर सिंह भाटिया (विक्की) मंत्री डोंगरगढ़, तरनदीप गरचा मंत्री, लीलेन्द्र जैन मंत्री, जसप्रीत सिंह भाटिया मंत्री , ईमरान बीबा कोषाध्यक्ष , मोनी मैथ्यू सह-कोषाध्यक्ष, तबरेज खान सोशल मीडिया प्रभारी राजनांदगांव, मैलकम दास सोशल मीडिया सह-प्रभारी, रॉबिन फ्रांसिस मीडिया प्रभारी, ज्ञानेश बाठिया मीडिया सह-प्रभारी, गुरदीप सिंह भाटिया आईटी सेल प्रभारी, अख्तर अली मन की बात प्रभारी, अरशद खान कार्यालय मंत्री, विनय लाल कार्यालय सह-मंत्री को शामिल किया गया है।

### जिलेभर में चला रहे जनसंपर्क अभियान

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष घोषित होने के पश्चात भाजयुमो जिला अध्यक्ष चिंटू सोनकर एवं जिला महामंत्रीद्वय नोमेश वर्मा और आशुतोष सिंह द्वारा जिलेभर में सतत जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान को "युवा संवाद कार्यक्रम" का नाम दिया गया है। जिसके माध्यम से वे भाजपा की रीति-नीति, सिद्धांतों एवं विचारधारा का प्रचार-प्रसार युवाओं के बीच कर रहे हैं तथा उन्हें संगठन से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। इस पहल को युवाओं का उत्साहजनक प्रतिसाद प्राप्त हो रहा है। 10 फरवरी को इस अभियान की शुरूआत अर्जुनी मंडल से हुई, जहां उनका भव्य स्वागत किया गया। बगदई ग्राम के भाइयों एवं सरपंच द्वारा उनका आत्मीय अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात कुमरदा मंडल में युवा मोर्चा एवं भाजपा ने स्वागत किया। डोंगरगांव में भी युवा मोर्चा द्वारा उनका स्वागत किया गया। इस दौरान संजीव शाह, अंजू त्रिपाठी, दीना पटेल, सुरेंद्र साहू सहित डोंगरगांव के युवा मोर्चा एवं भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### दिल्ली के सुप्रसिद्ध नस रोग, दिमाग के विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार राजनांदगांव में

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध होगी। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिर दर्द, ब्रेन ट्यूमर, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोंट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददाश्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी एवं मूत्र रोग, हृदय रोग, पेट एवं लिवर रोग, निसंतानता एवं स्त्री रोग तथा चर्म, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

### गोंड़ समाज के पदाधिकारियों पर हमला, विरोध में रैली 18 को

**राजनांदगांव।** पूर्व संभाग अध्यक्ष जगतराम सलामे ने बताया कि संभाग स्तरीय गोंड़ समाज के ब्लॉक अध्यक्ष पदुम सिंह तोप्पा एवं नरेन्द्र नेताम पूर्व संभाग अध्यक्ष संभाग मोहला के साथ पिछले जनवरी माह में नागवंशी समाज के कुछ लोगों द्वारा उनके घरों में घुसकर अश्लील गाली गलौज, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया था। जिसकी शिकायत मोहला थाना में किया गया था, लेकिन दोषियों पर अभी तक संतोषजनक पुलिस कार्रवाई नहीं की गई। उक्त कार्रवाई नहीं होने की वजह से दोषी व्यक्तियों के हौसले बुलंद है। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी किसी अन्य पदाधिकारियों पर इस तरह की घटना को अंजाम दे सकते हैं। उक्त घटना के संबंध में गोंड़ समाज में आक्रोश एवं असुरक्षा की भावना व्याप्त है। जिसके विरोध में संभाग स्तरीय गोंड़ समाज मोहला द्वारा दोषियों के विरूद्ध जिला मुख्यालय में आगामी 18 फरवरी को शासन प्रशासन को घटना के संबंध में ध्यान आकृष्ठ कराने के एक दिवसीय धरना प्रदर्शन रैली का आयोजन किया जा रहा है। इस रैली में संभागीय क्षेत्र के 12 ब्लॉक शामिल होंगे।

### बढ़ते बैंकिंग साइबर फ्रॉड के लिए आरबीआई की कार्यशाला, किया गया जागरूक

# ऑनलाइन बैंकिंग से बढ़ा साइबर क्राइम

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ते साईबर फ्रॉड के प्रति रोकथाम के लिए लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आज आरबीआई के अधिकारियों का एक दिवसीय सेमीनार वित्तीय साक्षरता सप्ताह का आयोजन एक निजी होटल में किया गया। इस मौके पर आरबीआई के एजीएम सत्येंद्र कुमार राठौर, मैनेजर अविनाश टोप्पो एवं अन्य अतिथि शामिल हुए।

जगरूकता कार्यक्रम के मुख्य वक्ता श्री राठौर ने बताया कि सेमीनार का उद्देश्य वर्तमान समय में ऑनलाइन बैंकिंग में तेजी से बढ़ रही साईबर ठगी को लेकर आरबीआई द्वारा वित्तीय साक्षरता सप्ताह के माध्यम से लोगों को विशेष रूप से वरिष्ठ नागरिकों को जागरूक और सजग करना है, ताकि वे इसके शिकार होने से बच सके। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि समय-समय पर खाताधारकों को अपना केवाईसी के दस्तावेज जमा कराना चाहिए। केवाईसी का उद्देश्य सुरक्षित बैंकिंग की ओर पहला कदम है।

#### देशभर में 55 करोड़ से अधिक खाताधारक

कार्यक्रम में बताया कि वर्ष 2014-15 में प्रधानमंत्री ने गरीब, मजदूर, महिला वर्ग को बैंकिंग से जोड़ने के लिए पीएम जनधन खाता योजना शुरू किया था। जिसके चलते आज देशभर में लगभग 55 करोड़ खाताधारक हैं। जनधन खाता होल्डरों ने बड़ी संख्या में दो साल से दस साल तक किसी प्रकार का ट्रांसजेक्शन नहीं किया गया। बैंकिंग के नियमावली के अनुसार दस साल तक जमा राशि नहीं निकालने पर खाता को इनएक्टिव माना जाता है। इसे फिर से एक्टिव कराने और जमा राशि निकालने के लिए केवाईसी अपडेट कराने की प्रक्रिया लाई गई है। केवाईसी जमा करने के बाद खाता धारक या उसके उत्तराधिकारी जमा राशि आहरित कर सकते हैं और राशि जमा भी कर सकते हैं।



#### फर्जी नंबरों का पहचान

आयोजन में बताया गया कि आज-कल लोगों के पास कई अनजान नंबरो, डुप्लीकेट लिंक से काल आते हैं, ऐसे नंबर को रिसीव नहीं करना चाहिए। वहीं जो कॉल वैध बैंकिंग से आते हैं। जिनके शुरू में 1600 या 140 होते, फर्जी नंबरों की पहचान यह है कि उनकी शुरूआत में ये नंबर न होकर अन्य नंबर होते हैं , जिन्हें किसी भी स्थिति में रिसीव नहीं करना चाहिए।

#### नए नए तरीकों से ठगी

सभी बैंकिंग और अन्य संस्थानों में अलग-अलग केवाईसी जमा करने के बजाए खाताधारक को सीकेवाईसी नंबर ( 14 डिजीट) इसू कराना चाहिए। इससे उन्हें बार-बार दस्तावेज जमा करने की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। वर्तमान समय पर ऑनलाइन बैंकिंग में होने वाली साईबर ठगी, अपराध के बारे में विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा ग्या कि वर्तमान में लोग सुविधा के लिए ऑनलाइन बैंकिंग को प्राथमिकता देने लगे हैं, लेकिन इसमें जोखिम काफी बढ़ गया है। साईबर ठग नए-नए फर्जी तरीके से ग्राहकों की रकम को हड़पने के प्रयास करते रहते हैं।

#### म्यूल अकाउंट की दी जानकारी

जागरूकता कार्यशाला में बताया गया कि ठग अपनी ब्लैक मनी को वाईट करने यानी मनीलॉड्रिंग के लिए दूसरे छोटी श्रेणी के खाता धारकों के खाते को किराये में लेने के लिए लालच देते हैं। उनके फेर में आकर यदि खाताधारक अपना खाता उन्हें उपलब्ध करता है तो इन किराये के खाता यानी म्यूल खाता में मनीलॉड्रिंग या अवैध कारोबार की राशि जमा कर दी जाती है, जो अपराध की श्रेणी में आता है। कार्यक्रम के अंत में एएसपी कीर्तन राठौर ने भी उपस्थितजनों साइबर फ्रॉड से संबंधित संबोधित किया। वहीं कार्यक्रम का संचालन बैंक ऑफ बड़ौदा के एलडीएम मुनिश शर्मा एवं ग्रामीण बैंक के पूर्व अधिकारी अमोद श्रीवास्तव ने किया। बड़ी संख्या में बैंक से जुड़े कर्मचारी और खाताधारक मौजूद थे।

## नक्सल पीड़ितों ने प्रशासन को सौंपा ज्ञापन, कहा : हमारे साथ न्याय करो

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति 2025 के तहत नक्सल पीड़ित परिवारों को नौकरी, आर्थिक सहायता राशि एवं आवासीय भूमि देने का प्रावधान है। इसी मांग को लेकर नक्सल पीड़ित परिवारों ने आज राजनांदगांव कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

पीड़ितों ने बताया कि नक्सल हिंसा में अपने परिजनों को खोने के बाद वे वर्षों से कठिन जीवन व्यतीत कर रहे हैं। शासन द्वारा बनाई गई पुनर्वास नीति उनके लिए उम्मीद की किरण है, लेकिन अब तक उन्हें इसका वास्तविक लाभ नहीं मिल पाया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अपर कलेक्टर ने कहा कि पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रतिवेदन प्राप्त होने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

पीड़ित परिवारों का कहना है कि पुनर्वास नीति 2025 में राज्य गठन के बाद से प्रभावित परिवारों को आवासीय जमीन, आर्थिक सहायता एवं रोजगार देने का स्पष्ट प्रावधान है।



इसके बावजूद वे प्रशासनिक प्रक्रियाओं में उलझकर रह गए हैं। नक्सल पीड़ितों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि केवल आश्वासन नहीं, बल्कि शीघ्र कार्रवाई कर उन्हें पुनर्वास नीति का वास्तविक लाभ दिया जाए, ताकि वे सम्मानजनक जीवन जी सकें। आगे कहा कि अन्य जिलों में केंद्र-राज्य की राशि, नौकरी प्रदान क़र रहे हैं, झीरम कांड के पीड़तों को प्रदान किया है। सभी पीड़तों को एक समान लाभ मिलना चाहिए, कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। धीरेन्द्र साहू ने कहा कि जब तक हमें न्याय नहीं मिलेगा, तब तक विधानसभा अध्यक्ष निवास का दरवजा खटखटाया जाएगा, न्यायालय का शरण लिया जाएगा।

## 10 गुम मोबाइल खोजकर लोगों को लौटाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लोगों के गुम हुए मोबाइल की सूचना पर सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बसंतपुर पुलिस ने डेढ़ लाख रुपए के 10 मोबाइल को खोजकर उनके स्वामियों को सौंपा। पुलिस के इस कार्य की लोगों ने सराहना की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन तथा निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में गुम मोबाइलों की पतासाजी हेतु अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत 13 फरवरी को विभिन्न कंपनियों के 10 नग गुम मोबाइल (कुल कीमत लगभग रुपए 1,50,000) बरामद कर संबंधित आवेदकों को सुपुर्द किया गया।



#### पुलिस का आभार माना

प्रार्थीगणों द्वारा राजनांदगांव पुलिस एवं थाना बसंतपुर की कार्रवाई की सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया गया। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि लावारिस, गुम मोबाइल मिलने पर उसका उपयोग न कर नजदीकी थाना में जमा करें। गुम मोबाइलों की पतासाजी हेतु यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस कार्रवाई में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, सीसीटीएनएस आरक्षक भवानी थनापति, भुनेश्वर जायसी एवं अन्य स्टाफ की भूमिका रही।

#### पूर्व में भी 12 मोबाइल सुपुर्द किए गए

थाना बसंतपुर में प्राप्त आवेदनों के आधार पर गुम मोबाइलों की पतासाजी गंभीरता से करते हुए सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से त्वरित कार्रवाई की गई और बरामद मोबाइल आवेदकों को सुपुर्दनामा पर दिए गए। उल्लेखनीय है कि माह जनवरी 2026 में भी इसी अभियान के तहत 12 नग मोबाइल (कीमत लगभग रुपए 1,70,000) बरामद कर आवेदकों को सुपुर्द किए जा चुके हैं।

## ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा की हड़ताल को कांग्रेस का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

10 ट्रेड यूनियन और संयुक्त किसान मोर्चा की हड़ताल को कांग्रेस ने समर्थन दिया। कांग्रेस नेताओं ने जिला कार्यालय के सामने आयोजित प्रदर्शन में हिस्सा लिया। यहां यूनियन की सभा के उपरांत रैली निकाली गई। कांग्रेस नेताओं ने रैली में यूनियन नेताओं, श्रमिकों के साथ चलकर उनकी मांगों का समर्थन किया। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि केंद्र सरकार की दमनकारी नीति के खिलाफ श्रमिक एकजुट हैं और कांग्रेस उनके साथ खड़ी है।

उत्तर व दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के चेतन भानुशाली व लक्ष्मण साहू ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार व जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के मार्गदर्शन में यूनियन की हड़ताल को कांग्रेस ने समर्थन दिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी सभा में शामिल हुए और यूनियन की मांगों पर सहमति व्यक्त की।

पूर्व महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि 2025 में लागू किए गए चार नए लेबर कोड ने 29 पुराने श्रम कानूनों को बदल दिया था। यह कोड मजदूरों की सुरक्षा कमजोर करते हैं। नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने कहा कि यह कानून पूरी तरह श्रमिक के अधिकारों का हनन करते हैं। कंपनियों को मनमानी की छूट दी जा रही है। 2 बजे सभा के समापन बाद यूनियन की रैली में भी कांग्रेस नेता शामिल हुए। यह रैली जीई रोड से गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक होकर जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां राष्ट्रपति के



नाम कलेक्टर के प्रतिनिधि नायब तहसील को ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, संतोष पिल्ले, रूपेश दुबे, कमलजीत सिंह पिंटू, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष चेतन भानुशाली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष लक्ष्मण साहू, रमेश डाकलिया, सुदेश देशमुख, इकरामुद्दीन सोलंकी, अशोक फड़नवीस, राकेश जोशी, अशोक पंजवानी, मामराज अग्रवाल, अनीस खान, राजेश गुप्ता चंपू, विनय झा, गोपी रजक, बबलू कसार, नरेश कुमार शर्मा, कुलदीप कुरंजरेकर, निशा गुप्ता, प्रज्ञा गुप्ता, सचिन टुरहाटे, शैलेष ठावरे, मो. इब्राहिम, फरमान अली, रशीद खान, राकेश चंद्राकर, महेश यादव, समीर द्विवेदी, विनोद यादव बंटी, पिंकू खान, गजेंद्र, अब्दुल कादिर, नरेश साहू, खेमचंद साहू, खिलेश्वर पाल, अरशद खान, सुरेंद्र देवांगन, नीलेश ठावरे, वीरेंद्र चंद्राकर, हिमालय बंदे, नईम खान सहित अन्य कांग्रेस नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

## प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एल्टाई (इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया) राजनांदगांव चैप्टर के बैनर तले विगत दिनों एक जिला स्तरीय प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रश्न मंच प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न विद्यालयों से विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर समाजसेवी परमजीत सिंह, मोटीवेशनल स्पीकर पूनाराम सिन्हा ने मां सरस्वती के तैलचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के आसंदी से परमजीत सिंह ने कहा कि प्रतियोगिता विद्यार्थियों को आने वाली जीवन के लिए एक मजबूत आधार प्रदान करती है।



विद्यार्थियों को इसका सुखद परिणाम आने वाले समय में परिलक्षित होता है । इसके लिए आवश्यक है कि समय के मांग को देखते हुए विद्यार्थिगण इसकी पूर्व तैयारी करें। उन्होंने हर संभव विद्यार्थियों को अपना सहयोग देने की बात कही। मोटीवेशनल स्पीकर पूनाराम सिन्हा ने कहा कि सफलता एक दिन में नहीं मिलती है, लेकिन एक न एक दिन जरूर मिलती है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वे समय को जाया न करते हुए वे भविष्य निर्माण में लग जाए। उन्होंने विद्यार्थियों को समय नियोजन, अध्ययन नियोजन एवं पुस्तकों के अनवरत अध्ययन के संबंध में अपने बहुमूल्य सुझाव दिए। इस प्रतियोगिता में मधुरम ग्रुप प्रथम, सत्यम ग्रुप द्वितीय, सुंदरम ग्रुप तृतीय एवं शिवम ग्रुप चतुर्थ स्थान प्राप्त किए। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले समस्त प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जीते हुए प्रतिभागियों यथा मूलदीप वैष्णव, हिरेंद्र वर्मा, वंदना निषाद, लोकेश्वर यादव, सुमित सिन्हा, होमिता यादव, डोमेश्वरी साहू एवं नमिता को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ पुरस्कार प्रदान किया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले अन्य प्रतिभागियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसएस ध्रुवे, धरम सिन्हा, पूजा देवांगन, नेहा सिन्हा, खिलेश्वरी सिन्हा, आस्था सिन्हा, डॉ.तौसीफ रज़ा, तुलाराम सिन्हा, केसरी पटेल, अंजलि साहू, पिंकी सिन्हा एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थीगण उपस्थित थे। यह जानकारी धरम सिन्हा ने दिया।

### माता-पिता हुए गदगद, पूजन कर पाया आशीर्वाद

# माता-पिता का पूजन कर छलके आंसू, मनाया सच्चा प्रेम दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच राजनांदगांव द्वारा पिछले 16 वर्षों से प्रतिवर्ष 14 फरवरी के दिन भव्य रूप से मातृ-पितृ पूजन करते आ रहे हैं। इस वर्ष भी यह आयोजन ग्राम पंचायत सुरगी में युवाओं को साथ लेकर अपने माता-पिता का पूजन कर मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया।

मंच के प्रदेशाध्यक्ष जीवन कुमार साहू एवं संरक्षक संजय शर्मा, रितेश यादव ने संयुक्त रूप से बताया कि स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच द्वारा यह आयोजन प्रत्येक वर्ष करते आ रहे हैं और इस वर्ष भी आज सुरगी में व्यापक स्तर पर



यह कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा कल 14 फरवरी को सुबह 11 बजे समता वृद्धाश्रम जीई रोड में युवाओं द्वारा वृद्ध माता-पिता का पूजन कर मातृ-पितृ पूजन दिवस मनाया जाएगा। सुरगी में हुए कार्यक्रम में अतिथि रूप में समाजसेवी सुनील अग्रवाल व ओमप्रकाश निषाद ने पूजन कार्यक्रम को देखकर गदगद हो गए। जीवन साहू ने बताया कि आज के आयोजन में बच्चों ने माता-पिता को आसन पर बिठाकर फूल-मालाएं पहनाई, तिलक किया और हाथों में पूजा की थाली लेकर पूजा-अर्चना की, फिर माता-पिता ने बच्चों को हृदय से लगा लिया और शुभ आशीष दी। आयोजन में स्वामी विवेकानंद युवा जागृति मंच के प्रदेश अध्यक्ष जीवन कुमार साहू, संरक्षक संजय शर्मा, रितेश यादव, आदित्य पराते, भरत, अशोक शाक्य, सुमन साव, नोमेश्वर साहू, रामखिलावन, योगिता साहू, ख्याति साहू, कविता, ममता, शशि साहू, सुमित्रा का विशेष योगदान रहा।

#### आज बजरंगपुर नवागांव में जिला स्तरीय मातृ-पितृ पूजन का आयोजन

श्री योग वेदांत सेवा समिति राजनांदगांव द्वारा जिला स्तरीय मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम ब्रम्हदेव चौक वार्ड नंबर 1 बजरंगपुर नवागांव में भव्य रूप से किया जाएगा। समिति के रोहित चंद्राकर व टीके चंद्राकर ने बताया कि पूज्य संतश्री आशारामजी बापू की प्रेरणा से देश-विदेश में यह पर्व को बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बाल संस्कार प्रभारी संजय साहू ने बताया कि राजनांदगांव जिले में भी अब तक 460 से अधिक स्थानों में मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम किया जा चुका है। कल 14 फरवरी को डोंगरगढ़, डोंगरगांव, छुरिया, चौकी, मोहला, खैरागढ, गंडई तथा अतरिया क्षेत्र के 30 स्थानों में बड़े आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक-एक आयोजन में सैकड़ों परिवार सामूहिक रूप से मातृ-पितृ पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे।



### चिखली पुलिस चौकी, साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई

## कब्रिस्तान के पास दबिश, पिस्टल व देशी कट्टा के साथ 7 आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शंकरपुर कब्रिस्तान के पास बैठकर लोगों को कट्टा दिखाकर डराने के मामले की सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और चार आरोपियों को पकड़ा। जांच पड़ताल व पूछताछ के बाद पुलिस ने कुल 2 पिस्टल व 2 कट्टा एवं 1 कारतूस बरामद किया है। इस पूरे मामले में सात आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। चिखली चौकी क्षेत्र अंतर्गत पुलिस को 12 फरवरी को शंकरपुर के नागरिकों से सूचना प्राप्त हुई थी कि चार्ली नामक युवक अपने तीन साथियों के साथ डब्बा मैदान कब्रिस्तान के पास शंकरपुर में पिस्टल और कट्टा दिखाकर लोगों को डरा-धमका रहे हैं।

सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। चारो संदेही पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़कर अभिरक्षा में लेने के बाद पूछताछ किया गया, जिस पर संदेहियों ने अपना नाम शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली निवासी शंकरपुर, दिगंबर साहू उर्फ छोटू निवासी पेंड्री, सेवक कश्यप उर्फ डाला निवासी शंकरपुर एवं गुंजेश वर्मा उर्फ शिवा निवासी शंकरपुर बताए। जिनकी तलाशी लेने पर शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली के कब्जे से एक पिस्टल और जिंदा कारतूस बरामद हुआ। दिगम्बर साहू के कब्जे से एक देशी कट्टा बरामद कर जब्त किया गया। चारो आरोपियों को संगठित होकर पिस्टल, कट्टा दिखाकर लोगों को डराने-धमकाने के मामले में धारा 111 बीएनएस 25, 27 आर्म्स एक्ट कायम कर विवेचना में लिया गया।



### दुर्ग, धमतरी और नांदगांव के आरोपी शामिल

पत्रकारवार्ता में आगे बताया गया कि प्रकरण में सात आरोपियों द्वारा संगठित होकर अवैध रूप से पिस्टल, कट्टा रखना पाए जाने पर आरोपी शिवम सिन्हा उर्फ चार्ली 26 साल गौरा चौक शंकरपुर, डिगम्बर साहू उर्फ छोटू 27 साल आबादीपारा पेण्ड्री, सेवक कश्यप उर्फ डाला 22 वर्ष शंकरपुर, गुंजेश वर्मा उर्फ शिवा 26 साल शारदा चौक चिखली, विक्की देशमुख उर्फ मोनू 25 वर्ष चंदखुरी दुर्ग, जतीनदास मानिकपुरी 27 साल गोकुल वाटिका धमतरी, उमेश साहू उर्फ बठालू 26 साल गोकुलपुर धमतरी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की गई है। पत्रकारवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन, अलेक्जेण्डर किरो, चिखली पुलिस चौकी प्रभारी कैलाश मरई उपस्थित थे। उक्त कार्रवाई में चिखली पुलिस एवं साइबर टीम को पुरस्कृत करने की भी घोषणा की गई है।


### घेराबंदी कर पकड़ा गया

उक्ताशय की जानकारी देते हुए पत्रकारवार्ता में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा ने बताया कि चारों आरोपियों से पूछताछ पर शिवम उर्फ चार्ली ने बताया कि वह अपने साथी विक्की देशमुख निवासी चंदखुरी दुर्ग के साथ धार बड़वानी मप्र क्षेत्र से 2 पिस्टल एवं 2 कट्टा खरीद कर क्षेत्र में रौब जमाने एवं बिक्री करने लाने बताने व 1 देशी कट्टा कोअपनी साथी विक्की देशमुख चंदखुरी दुर्ग के पास होना तथा 1 पिस्टल अपने साथी उमेश निवासी गोकुलनगर धमतरी को देना बताया, जिस पर दुर्ग में पुलिस ने दबिश देकर विक्की देशमुख उर्फ मोनू से 1 देशी कट्टा जब्त किया गया और आरोपी शिवम उर्फ चार्ली द्वारा यह बताने पर कि उमेश साहू अपने दोस्त जतीन दास मानिकपुरी के साथ देशी कट्टा खरीदने राजनांदगांव आना बताने पर रात्रि में उमेश साहू और जतीनदास को मोहारा पुल के पास घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ व तलाशी लेने पर जतीन दास के कब्जे से 1 पिस्टल जब्त किया गया।

## दिन के साथ रात के तापमान में भी इजाफा, ठंड से मिली राहत

### जिले का अधिकतम तापमान पहुंचा 32 के पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



पश्चिमी विक्षोभ का असर है कि अंचल में दिन के साथ ही रात का तापमान भी अब चढ़ने लगा है। दिन का पारा जहां बढ़कर 32 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं रात का तापमान भी चढ़कर 15 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया है। मौसम विभाग के अनुसार अगले कुछ दिनों में यही ट्रेंड जारी रहने की संभावना जताई जा रही है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार लगातार दो पश्चिमी विक्षोभ 13 फरवरी और 16 फरवरी को उत्तर पश्चिम भारत को प्रभावित करने की संभावना है। प्रदेश में कल मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 13 और 14 फरवरी को न्यूनतम तापमान में हल्की वृद्धि के साथ कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है, उसके बाद न्यूनतम तापमान में क्रमिक वृद्धि संभावित है। इधर गर्मी की दस्तक के साथ ही कूलर की दुकानें सजने लगी है। शहर के विभिन्न इलाकों में पुराने कूलर की रिपेयरिंग के साथ ही खस लगाने का काम बढ़ने लगा है।

आगामी दिनों में गर्मी बढ़ने के साथ ही कूलर, एसी की भी मांग बढ़ जाएगी। दुकानदारों ने समय पूर्व एसी एवं कूलरों का स्टॉक करना शुरू कर दिया है।

**सामान्य से अधिक तापमान:** मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले का अधिकतम तापमान 32 डिग्री पर पहुंच गया है। वहीं न्यूनतम तापमान 15 डिग्री पर पहुंच गया है। यह दोनों ही सामान्य से अधिक पर पहुंच गए हैं।

### तेजी से बढ़ रहा पारा

पिछले एक सप्ताह के भीतर ही रात के तापमान में तेजी से इजाफा देखने को मिला है। बीते 48 घंटे में ही चार डिग्री की बढ़त देखने को मिली है। वहीं मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 7 से 10 दिनों में न्यूनतम तापमान भी 20 डिग्री के करीब पहुंच सकता है। जिससे ठंड का एहसास पूरी तरह से समाप्त हो जाएगा।

## डीजे संचालकों को दी नियमों की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

थाना बसंतपुर में डीजे संचालकों की बैठक जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की उपस्थिति में आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशानुसार, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन द्वारा आगामी होली पर्व तथा बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते थाना बसंतपुर में डीजे संचालकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू सहित क्षेत्र के डीजे संचालक उपस्थित रहे।

बैठक में होली पर्व, बोर्ड परीक्षा एवं अन्य आयोजनों के दौरान डीजे ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग संबंधी दिशा-निर्देशों से अवगत कराया गया। साउंड सिस्टम के उपयोग हेतु प्रशासन को पूर्व सूचना देकर, निर्धारित मानक ध्वनि सीमा के अनुरूप संचालन करें।



### उल्लंघन पर होगी कार्रवाई

निर्देशों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित डीजे संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी तथा ध्वनि विस्तारक यंत्र जब्त किए जाएंगे। बैठक में उपस्थित डीजे संचालकों को निर्देशित किया गया कि वे सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित करें। जिससे परीक्षा काल एवं त्योहारों के दौरान आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## मड़ई मेला आज से

**राजनांदगांव।** ग्राम बांकल (पनेका) में महाशिवरात्रि पर्व पर सार्वजनिक शीतला मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासी के तत्वावधान में दो दिवसीय जस झांकी प्रतियोगिताा एवं मंडई मेला का आयोजन 14 एवं 15 फरवरी को रखा है। अध्यक्ष तुलसीदास बघेल, सचिव भोजराज देवदास व गांव के प्रमुख भोजराज देवदास, तुलसीदास बघेल, गिरधर पटेल, कमलेश निषाद, राजेन्द्र पटेल एवं सरपंच गोपाल प्रसाद गायकवाड़ ने आसपास के ग्रामीणजनों से कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील की है।

## महाप्रसादी भंडारा का आयोजन कल

**राजनांदगांव।** ग्राम गठुला-भेड़ीकला समीप स्थित ग्राम भांठागांव में भुई फोड़ उपजे स्वयं-भू-लिंगेश्वर धाम में आगामी 15 फरवरी महाशिवरात्रि पर भव्य भोज भंडारा महाप्रसादी का आयोजन किया गया है। मंदिर के पुजारी विजेंद्र साहू ने बताया कि स्वयं भू-लिंगेश्वर धाम में नागराज के साक्षात दर्शन होते हैं।



मंदिर समिति के नरोत्तम साहू ने बताया कि महाशिवरात्रि पर ग्राम भांठागांव में मेला-मंडई जैसे माहौल के बीच सैकड़ों की संख्या में पधारे शिव भक्तों को भंडारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। भक्तजनों में महाप्रसादी वितरित की जाएगी। उक्ताशय की जानकारी मंदिर समिति के नरोत्तम साहू द्वारा दी गई।

## सड़कों पर जमी मिट्टी भारी वाहन गुजरने से उड़ रहा धूल का गुबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

एक तरफ स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 के लिए नगर निगम द्वारा तैयारी के दावे किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर शहर की सड़कों से धूल तक साफ नहीं हो पा रही है। सड़कों के किनारे धूल की मोटी परत जमी हुई है, जिस पर ध्यान नहीं दिए जाने के चलते सड़क से भारी वाहन गुजरने पर पीछे चल रहे अन्य राहगीरों को धूल के गुबार का सामना करना पड़ता है। खासकर शहर के ममता नगर रोड पर सबसे अधिक धूल नजर आती है। इस क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर का एक बड़ा हिस्सा धूल से पटा पड़ा है। यहां अंबेडकर चौक से लेकर ममता नगर रोड पर सफाई का अभाव साफ दिखाई देता है। सड़क के हाल को देखकर समझा जा सकता है कि यहां पर महीनों से सफाई नहीं हुई है। ममता नगर की यह सड़क अंबेडकर चौक से इंडस्ट्रियल एरिया क्षेत्र तक काफी चौड़ी है, लेकिन धूल से पटे होने के चलते यह सड़क आधी ही नजर आती है।



**आधी-अधूरी हो रही सफाई**

एक तरफ नगर निगम द्वारा स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर अंक हासिल करने के लिए सफाई व्यवस्था दुरूस्त करने जोर दिया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर जमीनी स्तर पर मॉनिटरिंग नहीं होने की वजह से आधी-अधूरी ही सफाई हो रही है। अंबेडकर चौक पर ही रखे गए डिवाइड के बीच में काफी गंदगी पसरी हुई है। यहां भी धूल की मोटी परत जमी है। जिसकी सफाई नहीं की जा रही है।

### सड़क की सफाई चौपट

शहर की कुछ अन्य सड़कें भी है, जहां पर सड़क की सफाई नहीं होने की वजह से भारी वाहनों के गुजरने के दौरान धूल के गुबार से लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। खासकर दो पहिया वाहन चालकों की आंखों में धूल के कण जाने से आंखों में चुभन होती है। वहीं हादसे का खतरा भी बना हुआ है। आगामी दिनों में यहां स्वच्छता सर्वेक्षण होना है। ऐसे में सड़कों पर ही सफाई व्यवस्था चौपट दिखाई दे रही है।

## गिट्टी और मुरूम का अवैध परिवहन, चार वाहन जब्त

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण के प्रभावी नियंत्रण के लिए खनिज विभाग द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

खनिज अधिकारी ज्योति मिश्रा ने बताया कि खनिज विभाग की टीम ने जांच के दौरान अवैध खनिज परिवहन करने पर 4 वाहनों में खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत जब्ती की कार्रवाई की गई है। खनिज विभाग द्वारा डोंगरगांव थाना क्षेत्र में चूना-पत्थर गिट्टी के अवैध परिवहन करते ग्राम साल्हे निवासी अजय साहू के हाईवा वाहन सीजी 08 एवाय 8339 जब्त किया गया। इसी तरह डोंगरगांव थाना क्षेत्र में चूना-पत्थर गिट्टी के अवैध परिवहन करते ग्राम गैंदाटोला निवास शैलेन्द्र शर्मा के हाईवा सीजी 08 बीई 6894 और रेत का अवैध परिवहन करते हुए ग्राम मोहड़ निवासी दवेन्द्र साहू के माजदा वाहन को जब्त किया गया। तुमड़ीबोड़ थाना क्षेत्र में मुरूम का अवैध परिवहन करते ग्राम मोहारा निवासी दुर्गेश देवांगन के हाईवा वाहन सीजी 08 ए डब्ल्यू 3809 को जब्त किया गया। जब्त वाहनों को संबंधित क्षेत्र के थानों में प्रकरण दर्ज कर खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम के तहत कार्रवाई की जा रही है।






## खबर संक्षेप



### वार्षिकोत्सव में स्कूली बच्चों ने दी प्रस्तुति

**चिल्फीघाटी।** संत अन्ना इंग्लिश मिडियम स्कूल चिल्फी में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया। क्लास नर्सरी से पांचवीं तक के बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सरपंच जागेश दास सोनवानी, कृष्णा केवट उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में हेमंत गुप्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजेश तिवारी ने की। सर्व प्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। स्कूली बच्चों में गरबा डांस छात्रा कर्णिका ग्रुप, भागरा डांस आरव ग्रुप, रानी लक्ष्मीबाई कक्षा पांचवीं, नागपुरी डांस अक्षांश ग्रुप, जय मां काली पार्थ ग्रुप ने प्रस्तुत किया। इसी तरह मोबाइल के खतरे से कैसे बचा जाए और इसका उपयोग कितना कम से कम किया जाए इसे भी स्कूली बच्चों ने नाटक के रूप में प्रस्तुत किया। इस पूरे कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य, शिक्षिका दीपिका, बिंदु, सपना, रविना, अनिसा एवं स्टाप ने सराहनीय सहयोग दिया।

### सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना जारी

**कवर्धा।** सेना में भर्ती के लिए अधिसूचना 13 फरवरी 2026 को जारी की गई है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर ने जानकारी दी है की अधिसूचना भारतीय सेना की अधिकारिक पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया 13 फरवरी 2026 से 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहगी। आवदेन अग्निवीर पुरूष जनरल, तकनीकी, लिपिक/स्टोरकिपर, ट्रेडमैन दसवी पास, ट्रैडमैन आठवी पास, अग्निवीर महिला तथा स्थाई कैडर नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट और सिपाही फार्मा के पदों के लिए जारी किया गया है। ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून तक होने की सभावना है। उम्मीदवार किसी भी स्पष्टीकरण के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम के नजदीक, सेना भर्ती कार्यालय, नया रायपुर के टेलीफोन नम्बर पर संपर्क कर सकते हैं। भारतीय सेना में चयन पारदर्शी है और केवल योग्यता के आधार पर चयन होता है। उम्मीदवारों को दलालों से सावधान रहने की सलाह दी जाती है।

### फीफा फुटबॉल वितरण कार्यक्रम का आयोजन

**कवर्धा।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, उड़ियाकला में 12 फरवरी 2026 को फीफा फुटबॉल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, भारत सरकार द्वारा फीफा के सहयोग से संचालित फुटबॉल फॉर स्कूल पहल के अंतर्गत आयोजित किया गया। सूचीबद्ध दिशा-निर्देशों के अनुसार कबीरधाम जिले के 25 सरकारी एवं निजी विद्यालयों को फुटबॉल वितरित किए गए। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय स्तर पर फुटबॉल खेल को प्रोत्साहित करना तथा शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों का समन्वय स्थापित करना है, जिससे विद्यार्थियों में सकारात्मक ऊर्जा, अनुशासन एवं स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना का विकास हो सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित थे।

**समस्या:** वाहन चालक यात्री हो रहे परेशान, संवेदनशील बन चुका है घाटी मार्ग

# चिल्फी नागमोरी में पलटा ट्रक, कई घंटों से एनएच जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चिल्फीघाटी

जिले के चिल्फीघाटी थाना क्षेत्र अंतर्गत नागमोरी के पास नेशनल हाईवे 30 पर एक बार फिर लंबा जाम लग गया है। बेसन से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे मार्ग पूरी तरह अवरुद्ध हो गया। घटना के बाद से दोनों ओर वाहनों की कई किलोमीटर लंबी कतारें लग गईं।

लगातार दूसरे दिन जाम की स्थिति बनने से वाहन चालकों और यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार, नागमोरी घाटी क्षेत्र में तेज मोड़ पर ट्रक चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रक सड़क पर ही पलट गया। ट्रक के पलटते ही मार्ग संकरा होने के कारण आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया।

देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर भारी वाहनों, बसों और छोटे वाहनों की लंबी लाइन लग गई। कई यात्री घंटों तक जाम में फंसे रहे, जिससे उन्हें भोजन, पानी और अन्य आवश्यक सुविधाओं के लिए भी परेशानी उठानी पड़ी। उल्लेखनीय है कि इस दुर्घटना के एक दिन पहले भी इसी घाटी क्षेत्र में दो ट्रकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई थी, जिसके कारण घंटों तक जाम लगा रहा। लगातार दो दिनों से जाम की स्थिति बनने से इस मार्ग की संवेदनशीलता एक बार फिर उजागर हो गई है। घटना की सूचना मिलते ही चिल्फी पुलिस मौके पर पहुंची और जाम हटाने का प्रयास शुरू किया।

पुलिस और प्रशासनिक टीम द्वारा क्रेन की सहायता से पलटे ट्रक को हटाने की कोशिश की जा रही है। हालांकि घाटी का संकरा मार्ग, अंधे मोड़ और भारी वाहनों की लंबी कतार के कारण यातायात सामान्य करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समाचार लिखे जाने तक जाम पूरी तरह समाप्त नहीं हो सका था। चिल्फीघाटी से होकर गुजरने वाला यह राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से पहले ही संवेदनशील माना जाता है। मार्ग में दर्जनों अंधे मोड़ हैं, वहीं सड़क के दोनों ओर सैकड़ों फीट गहरी खाई है। बढ़ते यातायात दबाव के बावजूद मार्ग की चौड़ाई अपेक्षाकृत कम है, जिससे बड़े वाहनों को मोड़ लेने में कठिनाई होती है। कई बार भारी वाहन मोड़ों पर फंस जाते हैं या तकनीकी खराबी के कारण रुक जाते हैं, जिससे जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है।

### मार्ग पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं



स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं हैं। न तो चेतावनी संकेतों की पर्याप्त व्यवस्था है और न ही नियमित निगरानी की ठोस प्रणाली। घाटी क्षेत्र में दुर्घटनाओं की पुनरावृत्ति को देखते हुए स्थायी समाधान की आवश्यकता महसूस की जा रही है। लोगों ने मांग की है कि प्रशासन द्वारा इस मार्ग का चौड़ीकरण, अंधे मोड़ों पर अतिरिक्त सुरक्षा संकेतक और नियमित पेट्रोलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। लगातार दो दिनों से जाम में फंसे वाहन चालकों का कहना है कि उन्हें भारी आर्थिक नुकसान भी उठाना पड़ रहा है। मालवाहक वाहनों की देरी से डिलीवरी प्रभावित हो रही है, वहीं बस यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने में घंटों की देरी झेलनी पड़ रही है। फिलहाल पुलिस और प्रशासन मार्ग को जल्द से जल्द सुचारू करने में जुटे हुए हैं, लेकिन चिल्फी घाटी में बार-बार बन रही ऐसी स्थिति यह संकेत दे रही है कि अब केवल अस्थायी उपायों से काम नहीं चलेगा। इस महत्वपूर्ण मार्ग पर स्थायी और ठोस सुधारात्मक कदम उठाना समय की मांग बन चुका है।

# पंडरिया के नाले में मिला स्थानीय निवासी का शव, क्षेत्र में सनसनी, जांच में जुटी पुलिस



■ सिर में चोट के निशान, मौत की वजह अब तक स्पष्ट नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले की नगर पालिका पंडरिया में शुक्रवार की सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब नगर के वार्ड क्रमांक 10 स्थित मोतिमपुर वार्ड के नाले में स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति का शव संदिग्ध अवस्था में पड़ा देखा। नाला में व्यक्ति की लाश पड़ी होने की खबर पूरे नगर में जंगल की आग की तरह फैल गई और देखते ही देखते घटना स्थल में लोगों की भीड़ जुट गई। इसी बीच घटना की जानकारी पंडरिया पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने नाले से मृतक का शव निकालकर अपने कब्जे में ले लिया और मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है। पंडरिया पुलिस ने मृतक की पहचान रामसिंह बंजारे पिता हीरा बंजारे आयु 45 वर्ष निवासी मोतिमपुर वार्ड क्रमांक 10 के रूप में की है। बताया जाता है कि मृतक के सिर में चोट के निशान भी मिले हैं। लेकिन यह स्पष्ट नहीं हो पा रहा है कि मृतक के सिर में चोट के निशान किस वजह से आए है। पुलिस का कहना है कि फिलहाल मृतक की मौत की वजह स्पष्ट नहीं पोस्ट मार्टम के बाद ही मौत की वजह स्पष्ट हो पाएगी। वहीं कुछ लोग इस बात की भी आशंका जताई जा रही है कि नशे की हालत में रामसिंह के नाले में गिरने से उसके सिर मे चोट आई है और उसकी मौत हो गई। वहीं कुछ लोगों का यह भी कहना है कि रामसिंह की हत्या की गई है। बहरहाल पुलिस सभी एंगलों से घटना की जांच कर रही है।

# उन्नत पशुपालन एवं डेयरी प्रबंधन सीखने पशुपालक व बिहान दीदियां गुजरात रवाना

### उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज कवर्धा के समनापुर पुल के पास से डेयरी कोऑपरेटिव एवं अमूल डेयरी कोऑपरेटिव बनासकाठा गुजरात के शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले पशुपालकों और बिहान की दीदियों की बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बस में पहुंचकर बिहान समूह की दीदियों एवं पशुपालकों से आत्मीय संवाद किया तथा भ्रमण के उद्देश्य और अपेक्षित सीख के संबंध में चर्चा की। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे बनासकाठा जाकर वहां की उन्नत व्यवस्थाओं को गंभीरता से देखें, समझें और सीखें। उन्होंने कहा कि यह भ्रमण केवल देखने भर का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि सीखने और उसे अपने जिले में लागू करने का अवसर है। उन्होंने प्रतिभागियों से कहा कि वे वहां के सफल डेयरी मॉडल, प्रबंधन प्रणाली और तकनीकी नवाचारों का गहन अध्ययन कर जिले में दुग्ध उत्पादन एवं आजीविका संवर्धन के क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन लाने में योगदान दें। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि इस शैक्षणिक भ्रमण से प्रतिभागियों को उन्नत पशुपालन तकनीक, संतुलित चारा विकास, डेयरी कोऑपरेटिव की अवधारणा, दुग्ध संकलन एवं प्रसंस्करण प्रणाली, गुणवत्ता नियंत्रण, डेयरी उत्पाद निर्माण तथा विपणन व्यवस्था के संबंध में व्यवहारिक ज्ञान प्राप्त होगा। साथ ही उन्हें यह भी समझने का अवसर मिलेगा कि किस प्रकार सहकारी मॉडल के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि उपमुख्यमंत्री व कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से कबीरधाम जिले के 17 बिहान समूह (एनआरएलएम) की दीदियां एवं 17 पशुपालक इस शैक्षणिक भ्रमण में शामिल हो रहे हैं। यह दल गुजरात के बनासकाठा डेयरी कोऑपरेटिव और अमूल डेयरी कोऑपरेटिव का अवलोकन करेगा, जो देश-विदेश में अपनी उत्कृष्ट दुग्ध उत्पादन प्रणाली और सहकारी मॉडल के लिए प्रसिद्ध हैं। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ग्रामीण महिलाओं और पशुपालकों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सतत प्रयासरत है। बिहान समूहों के माध्यम से महिलाओं को संगठित कर आर्थिक गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है, वहीं पशुपालन विभाग द्वारा दुग्ध उत्पादन बढ़ाने एवं पशुपालकों की आय में वृद्धि के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, नितेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य रामकुमार भट्ट, डॉ. वीरेन्द्र साहू, मनिराम साहू, विजय पाटिल, नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पार्षद बिहारी धुर्वे, अजय ठाकुर, योगेश चंद्रवंशी, दीपक सिन्हा, केशरीचंद सोनी, संजीव, श्रीमती सुषमा उपाध्याय, केशरीचंद सोनी, भुनेश्वर चंद्राकर, उमंग पाण्डेय, डॉ. आनंद मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि, बिहान समूह की दीदियां एवं पशुपालक उपस्थित थे।

# स. लोहारा में नवनियुक्त सदस्य भगत पटेल का भव्य अभिनंदन, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य के रूप में मनोनीत किए जाने के बाद प्रथम नगर आगमन पर भगत पटेल का स. लोहारा स्थित पटेल भवन में ऐतिहासिक एवं आत्मीय स्वागत किया गया।



समारोह में क्षेत्रवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। यह आयोजन केवल स्वागत कार्यक्रम न रहकर, पूरे क्षेत्र के गौरव और सम्मान का उत्सव बन गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं विधायक प्रतिनिधि परदेशी पटेल ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण का सदस्य मनोनीत होना भगत पटेल के निष्कलंक सार्वजनिक जीवन और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतिफल है। उन्होंने कहा कि यह पद पुलिस प्रशासन में पारदर्शिता, जवाबदेही और जनहित की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री पटेल जैसे अनुभवी व्यक्ति के इस पद पर आसीन होने से आम नागरिकों का विश्वास और मजबूत होगा। मंडल अध्यक्ष लाला साहू ने भगत पटेल को जमीनी कार्यकर्ता बताते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति क्षेत्र के प्रत्येक कार्यकर्ता का सम्मान है।

जनपद उपाध्यक्ष अशोक पटेल और शिवचरण पटेल ने भी इसे लोहारा क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। अपने सम्मान से अभिभूत भगत पटेल ने कहा कि वे स. लोहारा की माटी के ऋणी हैं और शासन द्वारा सौंपे गए दायित्व का निर्वहन पूरी शुचिता और ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि उनका द्वार हर पीड़ित नागरिक के लिए सदैव खुला रहेगा। समारोह में राजू पटेल, जलेश्वर वर्मा, श्रीराम पटेल, बैसाखू पटेल, महेश पटेल, दानी मिश्रा सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# किसान प्रशिक्षण दल महाराष्ट्र रवाना




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोदवागोडान

प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत आज जनपद पंचायत पंडरिया की सभापति श्रीमती मनीषा धुर्वे ने क्षेत्र के किसान भाइयों के एक विशेष दल को महाराष्ट्र में प्रशिक्षण हेतु उत्साहपूर्वक रवाना किया।

वनांचल क्षेत्र कुई-कुकदुर और कामठी के ये किसान प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए जलगांव, राहूरी, वालमी (औरंगाबाद) और नासिक (महाराष्ट्र) के भ्रमण पर प्रस्थान कर रहे हैं। इस अवसर पर सभापति श्रीमती धुर्वे ने सभी किसानों से आत्मीय मुलाकात की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। श्रीमती धुर्वे ने बस को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से वनांचल क्षेत्र के किसानों को खेती की आधुनिक तकनीकों और उन्नत सिंचाई प्रणालियों को समझने का अवसर मिलेगा, जिसका लाभ वे अपने क्षेत्रों में कृषि उत्पादकता बढ़ाने में उठा सकेंगे। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने किसानों को मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं देते हुए विदा किया।

# सरस्वती शिशु मंदिर में वार्षिक उत्सव संपन्न, बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां



**कोदवागोडान।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित वार्षिक उत्सव के दौरान स्कूली बच्चों की प्रतिभा निखर कर सामने आई। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच बच्चों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियों से न केवल अपनी कला का प्रदर्शन किया, बल्कि उपस्थित अभिभावकों और अतिथियों की खूब तालियां भी बटोरीं। कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि रविनंदन पांडेय एवं ग्राम पंचायत के उपसरपंच नारायण साकत द्वारा मां सरस्वती व भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व पूजा-अर्चना के साथ हुआ। अतिथियों ने अपने संबोधन में बच्चों के सर्वांगीण विकास में सांस्कृतिक गतिविधियों के महत्व को रेखांकित किया। समारोह की शुरुआत सरस्वती वंदना और भारत माता वंदना के साथ हुई। इसके बाद नन्हें-मुन्ने बच्चों ने एक से बढ़कर एक नृत्य और लघु नाटिकाओं की प्रस्तुति दी। विशेष रूप से भावनृत्य ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य चंद्रकिशोर प्रजापति ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया और कार्यक्रम के अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संचालन चंद्रभान एवं विक्रम साकत द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य, दीदियां और बड़ी संख्या में ग्रामीण व अभिभावक उपस्थित थे।

**दो पृथक प्रकरणों में आरोपी महिलाओं से 21 लीटर शराब जब्त**

# हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब बेचते दो महिलाएं गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा




कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही करते दो अलग-अलग मामलों में दो महिलाओं को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आई महिलाओं के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्यवाही की गई है। पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि वार्ड क्रमांक 10 मोतिमपुर पंडरिया एवं वार्ड क्रमांक 14 सिसोदिया नगर पंडरिया में दो महिलाएं अपने घर के सामने अवैध रूप से हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब विक्रय हेतु संग्रहित किए हुए हैं। सूचना से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराते हुए थाना प्रभारी पंडरिया के नेतृत्व में दो पृथक टीमों का गठन कर त्वरित रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान पुलिस ने संपत्ति बघेल पति अशोक बघेल, उम्र 38 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 10 मोतिमपुर पंडरिया, थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को मौके पर पकड़कर उसके कब्जे से 14 बल्क लीटर हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब, अनुमानित कीमत 5600 रुपये, जप्त की गई। वहीं सुमन भास्कर पति दिनेश भास्कर, उम्र 45 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक 14 सिसोदिया नगर पंडरिया, थाना पंडरिया जिला कबीरधाम को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 07 बल्क लीटर हाथ भट्टी से निर्मित कच्ची महुआ शराब, अनुमानित कीमत 1400 रुपये, बरामद की गई। दोनों मामलों में आरोपियों का कृत्य छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर पृथक-पृथक प्रकरण पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। कबीरधाम पुलिस द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जिले में अवैध शराब निर्माण, परिवहन एवं बिक्री के विरुद्ध यह अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा इस प्रकार के अवैध कार्यों में संलिप्त पाए जाने वालों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

# होली से पहले अन्नदाताओं को सम्मान और समृद्धि का उपहार किसान हित में प्रदेश सरकार का ऐतिहासिक निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



जिले के गन्ना उत्पादक किसानो और प्रदेश के धान उत्पादक अन्यदाताओं को होली त्यौहार के पूर्व प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा फसल का भुगतान किए जाने का निर्णय अन्यदाताओं को सम्मान और समृद्धि का उपहार है। किसान हित में यह सरकार का ऐतिहासिक निर्णय है। उक्त बातें भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वीरेन्द्र साहू ने जारी बयान में कहीं। उन्होने कहा कि होली पर्व से पहले प्रदेश के अन्नदाताओं के लिए सरकार द्वारा लिया गया निर्णय किसानों के सम्मान, विश्वास और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 25 लाख से अधिक किसानों को लगभग 10,000 रूपए करोड़ की राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाना किसानों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। श्री साहू ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, कृषि को लाभकारी बनाने तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए भारतीय जनता पार्टी सरकार लगातार संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। यह निर्णय किसानों के जीवन में आर्थिक स्थिरता लाने के साथ-साथ खेती के प्रति नए उत्साह का संचार करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के हित सर्वोच्च प्राथमिकता में हैं और राज्य सरकार भी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में किसान कल्याण के लिए निरंतर योजनाएं लागू कर रही है। प्रदेश प्रवक्ता ने आगे कहा कि विश्वास, विकास और सम्मान की भावना के साथ अन्नदाताओं के साथ खड़ी सरकार का यह कदम किसानों की आर्थिक मजबूती के साथ प्रदेश के समग्र विकास को गति देगा। आने वाले समय में कृषि क्षेत्र को और अधिक आधुनिक, सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेक योजनाएं लागू की जाएगी। अंत में उन्होंने प्रदेश के समस्त किसानों को इस पहल के लिए बधाई देते हुए कहा कि सरकार का लक्ष्य किसान खुशहाल, गांव समृद्ध और प्रदेश विकसित बनाना है।

## खबर संक्षेप

### धनेली में श्री अखंड नवधा रामायण का आयोजन



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम धनेली में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी श्रीअखंड ब्रम्हांड नायक मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम की असीम कृपा से श्री अखंड नवधा रामायण का भव्य आयोजन श्रद्धा और उत्साह के साथ किया जा रहा है। यह आयोजन 9 फरवरी से 18 फरवरी तक समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से संपन्न हो रहा है। कार्यक्रम में व्यासपीठ से श्रीराम चरित मानस के मंगलमय प्रसंगों का वाचन एवं व्याख्यान किया जा रहा है। कथा प्रवचन हेतु पं. प्रशांत शर्मा, पं. मेघमणि शर्मा, सत्यव्रत शास्त्री, कमलेश्वरी देवी, श्रीमती पुष्पा देवी, पं. धनंजय दुबे, पं. मेघानंद शास्त्री एवं पं. कृष्ण पाठक द्वारा श्रद्धालुओं को रामकथा का रसास्वादन कराया जा रहा है। ग्राम आचार्य पं. चंद्रशेखर तिवारी एवं परायर्णकर्ता पं. प्रमोद कुमार शास्त्री के मार्गदर्शन में यह धार्मिक अनुष्ठान विधिवत संपन्न हो रहा है। अखंड नवधा रामायण के मुख्य यजमान श्रीमती नरबदिया बल्लूराम साहू विराजमान है। आयोजन में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर श्रीराम चरित मानस दिव्य प्रसंगों का श्रवण कर अपने जीवन को धर्ममय और संस्कारित बनाने का संकल्प ले रहे हैं। कार्यक्रम की व्यवस्था में गौतम साहू, बालूराम साहू, सुरेश साहू, श्रवण साहू, भागवत धुर्वे, दिनेश साहू, विष्णु प्रसाद चंद्राकर, कुमार निर्मलकर, रोहित साहू, शोभाराम ध्रुव, श्रीराम साहू, लखन लाल साहू, चिंटू साहू, संजय साहू, अनुज राम साहू, पुरुषोत्तम साहू, सुखी साहू सहित समस्त ग्रामवासी धनेली सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। ग्राम धनेली में भक्ति, श्रद्धा और आध्यात्मिक वातावरण के बीच यह आयोजन पूरे क्षेत्र में आस्था का केंद्र बना हुआ है।

### पाण्डातराई व मोहगांव में वीबी जी राम जी कार्यक्रम के तहत मंडल स्तरीय कार्यशाला संपन्न



**हरिभूमि कोलेगांव।** भाजपा मंडल पाण्डातराई व मोहगांव द्वारा वीबी जी राम जी कार्यक्रम अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन शक्ति केंद्र जंगलपुर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम मंडल प्रभारी एवं जिला भाजपा के उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार वैष्णव के आतिथ्य एवं गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रदीप पुरी गोस्वामी ने की। उन्होंने स्वागत भाषण देते हुए कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती और कार्यक्रम की सफलता हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं नवनियुक्त भाजयुमो जिला महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने वीबी जी राम जी कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को इसकी विशेषताओं से अवगत कराया। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए कृष्ण कुमार वैष्णव ने वीबी जी राम जी कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं महत्व पर विस्तृत और सार्थक चर्चा की। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे बूथ स्तर पर आम जनता के बीच जाकर कार्यक्रम के लाभों की जानकारी दें तथा विपक्षी दलों द्वारा फैलाए जा रहे भ्रम को दूर करें। साथ ही साथ कार्यशाला में संगठन को बूथ स्तर तक सशक्त बनाने और वीबी जी राम जी कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह एवं संगठनात्मक एकजुटता के साथ हुआ। इस अवसर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, मोर्चा पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष, सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं बड़ी संख्या में ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित थें।

### क्रीड़ा शिक्षक रामू सिंह ठाकुर का इंडोनेशिया-इंडिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में चयन

**हरिभूमि कवर्धा।** गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास को ही नहीं अपितु शिक्षकों के बहुमुखी विकास को भी प्रमुखता दी है। यही कारण है कि यहां के सुयोग्य शिक्षक देश में ही नहीं विदेशों तक में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरुकुल के क्रीड़ा शिक्षक रामू सिंह ठाकुर का चयन इंडोनेशिया-इंडिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में हुआ है। मीडिया प्रभारी हिंदी पीजीटी डॉ विजय कुमार शाही ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि भारत ही नहीं इंडोनेशिया में भी बॉल बैडमिंटन खेल की लोकप्रियता चरम पर है। इस वर्ष वहां इंडिया इंडोनेशिया बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज का आयोजन किया जा रहा है। भारत की ओर से 10 खिलाड़ियों का दल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया गया है। इसी दल में गुरुकुल के क्रीड़ा शिक्षक रामू सिंह ठाकुर भी हैं। वे छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाड़ी हैं जिनका भारतीय दल में चयन हुआ है। यह गुरुकुल स्कूल सहित पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गर्व की बात है। जिस पर शाला के प्राचार्य मनोज कुमार राय ने शिक्षक रामू सिंह को बधाई देते हुए कहा कि यहां हर क्षेत्र में प्रतिभावान व सुयोग्य शिक्षक हैं, जो देश और क्षेत्र का नाम गौरवान्वित करने के लिए सदैव तत्पर रहते है। आशा है वे भारतीय दल को विजयी बनाने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।



## किसान मेला का उद्देश्य आधुनिक तकनीक और योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना: विजय शर्मा

# वनांचल क्षेत्र तरेंगांव जंगल में जिला स्तरीय किसान मेला का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

जिले के बोड़ला विकासखंड के सुंदूर वनांचल एवं बैगा बाहुल्य क्षेत्र तरेंगांव जंगल में आयोजित जिला स्तरीय किसान मेला में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों में किसान मेला लगाने का मुख्य उद्देश्य शासन की योजनाओं और उन्नत कृषि तकनीकों की जानकारी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है, ताकि यहां के किसान भी आधुनिक खेती से जुड़कर अधिक लाभ कमा सकें।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण हो चुका है। मुख्यमंत्री के निर्णय के अनुसार जिन किसानों ने धान बेचा है, उन्हें 3100 रुपए प्रति क्विंटल के मान से शेष अंतर की राशि का भुगतान होली पर्व से पूर्व एकमुश्त कर दिया जाएगा, जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिलेगी। पीएम श्री एकलव्य आवासीय विद्यालय के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और किसानों को शासन की योजनाओं का लाभ लेने तथा आधुनिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शर्मा ने उन्नत कृषि के उदाहरण देते हुए टमाटर और बैंगन की मिश्रित ग्राफ्टिंग से तैयार पौधों के उत्पादन की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसान केवल एक ही फसल पर निर्भर न रहें, बल्कि बहुफसली खेती अपनाकर आय के नए स्रोत विकसित करें। उन्होंने कहा कि किसान वर्मी कम्पोस्ट का निर्माण कर खेत में जैविक खाद तैयार कर सकते हैं, जिससे लागत घटेगी और उत्पादन बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि खेती किसानों का जीवन और परिश्रम है। इसलिए इसे आधुनिकए लाभकारी और वैज्ञानिक तरीके से करना आवश्यक है।

### आजीविका डबरी से मिलेगा दोहरा लाभ



उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आजीविका डबरी योजना के अंतर्गत खेतों में तालाब का निर्माण किया जा रहा है। इसके लिए जिला पंचायत और जनपद पंचायत में आवेदन किया जा सकता है। इससे एक ओर खेत में जल संरक्षण होगा, वहीं दूसरी ओर सब्जी उत्पादन, मछली पालन और बकरी पालन जैसे कार्यों से अतिरिक्त आय के साधन विकसित होंगे। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं के माध्यम से बकरी पालन, मछली पालन सहित अन्य गतिविधियों के लिए प्रशिक्षण दिया जाता है तथा उन्नत किस्म के बीज भी उपलब्ध कराए जाते हैं। किसानों को इन योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

#### आधुनिक तकनीक के साथ खेती की ओर आगे बढ़े

श्री शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में अब युवा वर्ग आधुनिक तकनीक के साथ खेती की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। नई पीढ़ी खेती को रोजगार और आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम मानकर इसमें नवाचार और आधुनिक उपकरणों का उपयोग कर रही हैए जिससे उत्पादन में वृद्धि के साथ-साथ आय के नए अवसर भी बन रहे हैं। उन्होंने किसानों से कहा कि समय के साथ खेती की पद्धति में बदलाव लाना जरूरी है। आधुनिक तकनीक, उन्नत बीज, जैविक खाद और वैज्ञानिक तरीके अपनाकर कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सकता है।

#### योजनाओं के तहत सामग्री और सहायता राशि वितरित

कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले कृषकों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत किसानों को जैविक कीटनाशक तैयार करने के लिए 100 लीटर क्षमता के प्लास्टिक ड्रम वितरित किए गए। इसके साथ ही गन्ना विकास योजना अंतर्गत चयनित किसानों को 50 प्रतिशत अनुदान पर बैटरी स्प्रेयर प्रदान किए गए। कार्यक्रम में किसानों को समूह चेक का वितरण भी किया गया, जिससे उन्हें खेती और आजीविका से जुड़े कार्यों में आर्थिक सहयोग मिल सके।

## महाशिवरात्रि पर विधायक संग श्रद्धालु 151 पार्थिव शिवलिंग में एक साथ करेंगे रुद्राभिषेक

### कामठी में हजारों विवाहित जोड़ें और भक्तजन एक साथ करेंगे पूजा अर्चना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंदिर देवालयो की रंग-रोंगन व साज सज्जा से सजाया जा रहा है। वहीं महाशिवरात्रि के अवसर पर पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा शिवभक्तों के लिए विशेष आयोजन किया गया है। पंडरिया विधानसभा अंतर्गत ग्राम कामठी में 151 पार्थिव शिवलिंग में हजारों विवाहित जोड़ें और श्रद्धालु एक साथ पूरे विधि-विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भगवान भोलेनाथ का रुद्राभिषेक करेंगे और अपने परिवार के साथ-साथ पंडरिया विधानसभा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की प्रगति एवं सुख-समृद्धि की कामना करेंगे। इस पुण्य अवसर पर शामिल होकर रुद्राभिषेक करने हेतु विवाहित जोड़ों और श्रद्धालुओं को अपना पंजीयन कराना होगा, जिसके लिए वे अपनी नजदीकी जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र से पंजीयन पत्र प्राप्त कर उसमें उल्लेखित जानकारी दर्ज कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। रुद्राभिषेक के पश्चात पूरे विधि-विधान के साथ पार्थिव शिवलिंग का प्रवाह संस्कार किया जाएगा।

इस अवसर पर भंडारा एवं महाप्रसादी के साथ-साथ छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध भजन गायक अनुराग शर्मा द्वारा सांकृतिक कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया है। इस आयोजन को लेकर जनता में अपार उत्साह देखने को मिल रहा है और अब तक बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपना पंजीयन कराया है।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भगवान भोलेनाथ के प्रति भक्तजनों की आस्था और पंडरिया विधानसभा एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश की समृद्धि व खुशहाली के लिए यह आयोजन किया जा रहा है। भगवान भोलेनाथ की असीम कृपा, आर्शीवाद एवं जनता के स्नेह और सहयोग से इस वर्ष महाशिवरात्रि के पावन एवं पुण्य अवसर पर ग्राम कामठी के स्कूल मैदान में 151 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण कर सामूहिक रुद्राभिषेक किया जाएगा।

यह आयोजन श्रद्धा, आस्था, संस्कार और सामाजिक एकता का अद्भुत संगम होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता अपेक्षित है। उन्होंने बताया कि इस पावन अवसर पर 151 मिट्टी से निर्मित पार्थिव शिवलिंगों की स्थापना की जाएगी, जिसमें प्रत्येक पार्थिव शिवलिंग पर विवाहित जोड़ें एवं श्रद्धालु एक साथ विधि-विधान से रुद्राभिषेक करेंगे।

यह आयोजन सामूहिक भक्ति, सामाजिक समरसता और धार्मिक चेतना का अद्भुत संगम होगा, जहाँ हम सभी एक साथ भगवान भोलेनाथ की आराधना कर क्षेत्र, प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि, शांति और उन्नति की कामना करेंगे। उन्होने कहा कि यह आयोजन नई पीढ़ी को अपनी समृद्ध सनातन परंपराओं से जोड़ने, धार्मिक संस्कारों को संरक्षित करने तथा समाज में आध्यात्मिक चेतना और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम भी है। इस आयोजन को और अधिक सफल, भव्य एवं पुण्यदायी बनाएगा।

## सप्तम दिवस की कथा में गूंजा राम राज्य का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

कुण्डा में आयोजित सात दिवसीय श्रीराम के सप्तम दिवस के क्रम में कथा प्रवाचिका सुश्री सुनीता शास्त्री ने भगवान के उदार एवं करुणामय चरित्र का भावपूर्ण विश्लेषण करते हुए समाज को परस्पर प्रेम और सद्भाव से रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि भगवान के मंगलमय नाम के आश्रय से ही राम राज्य की स्थापना संभव है। उनके प्रेरणादायी वक्तव्य पर समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी करतल ध्वनि से गूंज उठे। कथा के द्वितीय सत्र में वक्ता श्रीब्रह्मादेवाचार्य ने किष्किंधा कांड के बाली–सुग्रीव प्रसंग का मार्मिक वर्णन करते हुए भगवान की मित्रता, नीति पालन और धर्मनिष्ठ आचरण का महत्व समझाया। उन्होंने भगवान के पवित्र एवं विमल चरित्र का उद्घाटन किया, जिसे सुनकर उपस्थित श्रोता समाज भावविभोर हो उठा। उत्तर प्रदेश से पधारे पंडित प्रकाश चंद पांडेय ने भगवान श्रीराम की वनवास कालीन शासन व्यवस्था का विश्लेषण करते हुए बताया कि किस प्रकार श्रीराम ने राजनीतिक, सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक ऊर्जा का समन्वय कर आदर्श शासन की स्थापना की। कार्यक्रम के दौरान प्रभात फेरी मंडली एवं सरदार पब्लिक स्कूल हायर सेकेंडरी विद्यालय के प्राचार्य सहित समस्त शिक्षकों का लोई प्रदान कर सम्मान प्रदान कार्यक्रम के आयोजन कर्ता सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने किया हवन एवं अन्य वैदिक कार्यक्रमों का कुशल संचालन श्री शर्मा द्वारा संपन्न कराया गया। आयोजन के अंत में सुरेंद्र सिंह छाबड़ा ने ग्राम आचार्यों एवं ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र एवं विपुल दक्षिणा प्रदान कर संतुष्ट किया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उन्होंने समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त करते हुए अपने परिवार के लिए आशीर्वाद की कामना की।



### कुंकरापानी में स्वच्छता जागरूकता शिविर



**हरिभूमि चिल्फीघाटी।** एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से शिखर युवा मंच द्वारा संचालित एसबीआई संजीवनी मोबाइल मेडिकल यूनिट टीम कबीरधाम द्वारा शुक्रवार को ग्राम कुंकरापानी स्थित शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला में स्वच्छ भारत अभियान के अंतर्गत स्वच्छता जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य विद्यालय परिसर में स्वच्छता के महत्व को रेखांकित करना, बच्चों में स्वच्छ आदतों का विकास करना तथा स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम में दोनों विद्यालयों के कुल 110 विद्यार्थियों एवं 4 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर के दौरान एसबीआई संजीवनी एमएमयू टीम ने बच्चों और शिक्षकों को स्वच्छता से जुड़ी आवश्यक जानकारियां सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया गया। टीम द्वारा विद्यालय में स्वच्छता किट का वितरण किया गया, जिसमें डस्टबिन, हार्पिक, हैंडवॉश, फिनाइल, ब्लीचिंग पाउडर, शॉप-साफ-सफाई सामग्री आदि शामिल थे, ताकि विद्यालय में नियमित स्वच्छता बनाए रखी जा सके। इस अवसर पर शिक्षकों ने भी बच्चों को स्वच्छता के प्रति निरंतर मार्गदर्शन देने का संकल्प लिया तथा एसबीआई संजीवनी टीम के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में टीम ने यह संदेश दिया कि स्वच्छता ही स्वस्थ जीवन की कुंजी है, और यदि बचपन से ही स्वच्छ आदतें अपनाई जाएं तो समाज को स्वस्थ और सशक्त बनाया जा सकता है। यह स्वच्छता जागरूकता शिविर ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत अभियान को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिससे बच्चों के साथ-साथ पूरे समुदाय में स्वच्छता के प्रति सकारात्मक सोच विकसित हुई।

## पदोन्नति के संबंध में नपाध्यक्ष से मिला फेडरेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में शुक्रवार को नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी से मिलकर सहायक शिक्षक से शिक्षक के पद पर पदोन्नति के संबंध में चर्चा किया गया। नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष से आज शहर शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के सभी पदाधिकारी और शिक्षकों ने मिलकर पदोन्नति के संबंध में अपनी समस्या को रखा और अध्यक्ष से विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। फेडरेशन के जिलाध्यक्ष ने पदोन्नति के संबंध में अपनी बात रखते हुए बताया कि शिक्षक साथी 18-20 वर्षो से एक ही पद पर कार्य कर रहे हैं, उन्हें आज पर्यंत पदोन्नति का फायदा नहीं मिल पाया है, जिसके कारण उन्हें बहुत ही आर्थिक नुकसान हो रहा है। अध्यक्ष से अपील कर उक्त बातों को शिक्षा मंत्री और संयुक्त संचालक दुर्ग के समक्ष रखें और हमारी समस्याओं से अवगत कराएं। जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि अधिकारियों से और मंत्री से बात करके इन समस्याओं का निराकरण जल्द ही करने के लिए कहूंगा और और नियम अनुसार जो शिक्षक साथी वरिष्ठता सूची के क्रम में आते हैं उन्हें जल्द से जल्द पदोन्नति का लाभ देने के संबंध में बात करूंगा। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक फेडरेशन के जिला सहित सहायक शिक्षक साथी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### श्री पंचदेव मंदिर सारंगपुर खुर्द में गूंजेगा महाशिवरात्रि पर्व पर ओम नमः शिवाय



**हरिभूमि बरबसपुर।** जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम सारंगपुर खुर्द स्थित श्री पंचदेव मंदिर में इस वर्ष भी महाशिवरात्रि पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा भाव के साथ मनाया जाएगा। 15 फरवरी को आयोजित होने वाले महाशिवरात्रि मेला महोत्सव में सुबह से ही ओम नमः शिवाय, हर हर महादेव, हर हर भोलेनाथ के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान रहेगा। मंदिर का भव्य निर्माण श्रद्धालु भक्तों के सहयोग से कराया गया है, जिसकी स्थापत्य शैली जगन्नाथ मंदिर की भव्यता की झलक प्रस्तुत करती है। प्रतिदिन यहां दर्शनार्थियों का तांता लगा रहता है। वहीं धार्मिक कार्यक्रम के तहत श्री शिव पूजन, रुद्राभिषेक, विशेष आरती दिनभर भजन-कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। मंदिर समिति एवं पुजारी सीताराम तिवारी कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु जोर-शोर से तैयारियों में जुटे हुए हैं। इस महाशिवरात्रि मेला-महोत्सव में विभिन्न प्रकार की दुकानों की व्यवस्था, बच्चों के लिए खिलौनों की दुकानें, प्रसाद एवं पूजन सामग्री स्टॉल, ग्रामीण क्षेत्र का पारंपरिक वातावरण में आयोजित की जाएगी जिसमें दूर-दराज एवं आसपास के ग्रामों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों के पहुंचने की संभावना है। दुकानदारों द्वारा दुकान लगाने हेतु स्थान चिन्हांकित किया जा रहा है और तैयारियां अंतिम चरण में हैं। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर सारंगपुर खुर्द एक बार फिर शिवमय वातावरण में सराबोर होगा।

### जिम्मेदारों की भारी अनदेखी का खामियाजा भुगत रहे ग्रामीण

# कुआंमालगी से अमलीमालगी पीएम सड़क बदहाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पंडरिया विकासखंड अंतर्गत ग्राम कुआंमालगी से अमलीमालगी को जोड़ने वाली प्रधानमंत्री सड़क इन दिनों बदहाल स्थिति में है। मार्ग पर जगह-जगह गहरे गड्ढे बन जाने के बाद जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा मरम्मत के नाम पर केवल गिट्टी डालकर छोड़ दिया गया है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार एक माह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी संबंधित स्थानों पर डामरीकरण नहीं किया गया, जिससे ग्रामीणों व राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों पर पांच वर्षो तक गुणवत्ता की गारंटी रहती है। इस अवधि में यदि सड़क उखड़ती है या गड्ढे बनते हैं तो संबंधित एजेंसी द्वारा समुचित मरम्मत की जानी चाहिए। लेकिन मरम्मत कार्य केवल खानापूर्ति बनकर रह गया है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिम्मेदार ठेकेदार द्वारा गड्ढों में डाली गई गिट्टी ऊपर आ चुकी है, जिससे दो पहिया वाहनों के फिसलने का खतरा बना हुआ है। तेज रफ्तार वाहनों के गुजरने पर गिट्टियां उछलकर अन्य राहगीरों को लगने की आशंका भी बनी रहती है। यह मार्ग ग्रामीणों के साथ-साथ बड़े वाहनों और हाईवे से जुड़े आवागमन के लिए भी उपयोग में आता है, ऐसे में अधूरी मरम्मत दुर्घटना को न्यौता दे रही है। जिस पर क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सड़क की स्थिति का तत्काल निरीक्षण कर विभागीय जांच कराई जाए तथा सड़क गारंटी अवधि में है तो संबंधित ठेकेदार से नियमानुसार पूर्ण डामरीकरण कराया जाए। वहीं यदि गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी है तो सड़क के समुचित पुनर्निर्माण या स्थायी मरम्मत हेतु शीघ्र राशि स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कराया जाए, ताकि आमजन को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130